


उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात गोधरा कांड : केंद्र सरकार ने 14 गवाहों की हटाई सुरक्षा, सिक्योरिटी में तैनात थे 150 सीआईएसएफ जवान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** गुजरात के गोधरा कांड के गवाहों की सुरक्षा हटा दी गई है। केंद्र सरकार की तरफ से ये फैसला लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 14 गवाहों की सुरक्षा हटाई गई है। जिन्हें सीआईएसएफ के 150 जवानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी। गृह मंत्रालय ने एसआईटी की रिकमेंडेशन रिपोर्ट के आधार पर 14 गवाहों की सुरक्षा को हटाने का फैसला लिया है। गोधरा कांड पर बनी एसआईटी ने 10 नवंबर 2023 को इन गवाहों की सुरक्षा हटाने की अपनी रिपोर्ट दी थी। 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा में अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों को ले जा रही साबरमती एक्सप्रेस की एक बोगी में आग लगा दी गई थी, जिसमें 58 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर दंगे भड़क उठे थे, जिसके बाद केंद्र सरकार को सेना भेजनी पड़ी थी। यह भारत में सबसे भीषण सांप्रदायिक हिंसा में से एक थी। जिसमें 790 मुस्लिम और 254 हिंदुओं सहित 1044 लोग मारे गए थे। घटना के बाद बलात्कार, लूटपाट और संपत्ति के नुकसान, घरों और दुकानों को जलाने की भी खबरें आईं। इस कांड के बाद लगभग 2 लाख लोग विस्थापित हुए। उनमें से कई लोग अपने घरों में वापस नहीं जा सके और नए इलाकों में बस गए।

### मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने अपने इलाके में कई विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा विकास कार्यों के लिए जब राजौरी गार्डन पहुंचे तो उन्होंने पुरानी सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि पुरानी सरकार जो आपदा थी उसकी वजह से साल भर चुनौतियां रहेंगीं, लेकिन जल्द ही दिल्ली बदली-बदली नजर आएगी. दिल्ली सरकार के पर्यावरण और खाद्य आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा अपने विधानसभा इलाके में कई विकास कार्यों के उद्घाटन के लिए पहुंचे. इस मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई. इस बीच में मनजिंदर सिंह सिरसा ने पार्कों के सौंदर्य करण के उद्घाटन के साथ-साथ सड़क को बेहतर बनाने के काम का भी उद्घाटन किया। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आपदा की सरकार ने दिल्ली को बीमार करके हमारी सरकार को दिया है।

# अबू आजमी को यूपी भेज दो, इलाज हम कर देंगे, औरंगजेब के बयान पर सपा पर बरसे सीएम योगी



**लखनऊ,एजेंसी।** मुगल शासक औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आज़मी पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमकर आक्रोश निकाला। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अबू आजमी को पार्टी से बाहर निकालो और नहीं तो यूपी भेज दो, बाकी ऐसे लोगों का उपचार हम अपने आप करवा देंगे।

यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेज दीजिए, बाकी इलाज हम अपने आप करवा देंगे। जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की परंपरा पर गर्व करने के बजाय लज्जा महसूस कर रहा हो और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसे भारत के अंदर रहने का अधिकार होना चाहिए? समाजवादी पार्टी को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक तरफ आप महाकुंभ को दोष देते रहते हैं, दूसरी तरफ आप औरंगजेब जैसे क्रूर व्यक्ति की प्रशंसा करते हैं, जिसने देश के मंदिरों को नष्ट किया हो। आप अपने उस विधायक को नियंत्रित क्यों नहीं कर सकते? आपने उसके बयान की निंदा क्यों नहीं की? उन्होंने यह भी कहा कि शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि तुमसे (औरंगजेब) अच्छे तो हिन्दू हैं, जो माता-पिता की जीवित रहते तो सेवा करते ही हैं। उनकी मृत्यु के पश्चात उन्हें तर्पण के माध्यम से जल तो देते हैं। महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि थी, उसको वैसी ही सृष्टि प्रयागराज में देखने को मिली। उधर, औरंगजेब की तारीफ करने पर सपा नेता अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया है।

महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन के पटल पर अबू आजमी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने पारित कर दिया। जानकारी के मुताबिक, इस सत्र के दौरान अबू आसिम आजमी के विधानसभा परिसर में घुसने पर भी पाबंदी रहेगी। इससे पहले अबू आजमी ने औरंगजेब वाले बयान पर सोशल मीडिया के जरिए सफाई दी। उन्होंने कहा था कि उनके शब्दों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। अबू आजमी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है। औरंगजेब रहमतुल्लाह अलेह के बारे में मैंने वही कहा है, जो इतिहासकारों और लेखकों ने कहा है। मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज, संभाजी महाराज या अन्य किसी भी महापुरुषों के बारे में कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की है। लेकिन, फिर भी मेरी इस बात से कोई आहत हुआ है तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं।

**होली से पहले करोड़ों कर्मचारियों को मिलेगी खुशखबरी!**

# कैबिनेट बैठक में डीए हाईक पर होगा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** होली के त्योहार से पहले केंद्र सरकार जल्द ही अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) की दर में संशोधन कर सकती है. आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक है. इस बैठक में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है.

रिपोर्टों के मुताबिक जनवरी 2025 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए चार प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) में बढ़ोतरी को मंजूरी दी जा सकती है. अगर इसे लागू किया जाता है, तो इसका मतलब कर्मचारी के वेतन के आधार पर प्रति माह 540 रुपये से 720 रुपये की बढ़ोतरी होगी. पिछले रुझानों के आधार पर सरकार ने अक्सर होली से पहले डीए बढ़ोतरी की घोषणा की है. कर्मचारी और पेंशनभोगी अब यह देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं कि क्या इस बार भी इसी तरह की बढ़ोतरी को मंजूरी दी जाएगी. सातवें वेतन आयोग के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए साल में दो बार जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है. जनवरी में संशोधन की आधिकारिक घोषणा आम तौर पर मार्च में होती है, जबकि जुलाई में बढ़ोतरी सितंबर या अक्टूबर में घोषित की जाती है. हालांकि संशोधित महंगाई भत्ता घोषणा की तारीख चाहे जो भी हो, जनवरी और जुलाई से प्रभावी होता है। पिछले संशोधनों में सरकार ने मार्च 2024 में डीए में 4 फीसदी और अक्टूबर 2024 में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की, जिससे कुल डीए 53 फीसदी हो गया. डीए संशोधन अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआई) पर आधारित है, जो महंगाई के रुझान को ट्रैक करता है।

# सीएम नीतीश कुमार ने पीएम आवास योजना के 3 लाख परिवारों के खाते में ट्रांसफर किए 1,200 करोड़




**पटना ,एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत तीन लाख परिवारों के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1,200 करोड़ रुपए की सहायता राशि ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन परिवारों को बधाई दी, जिन्हें इसका लाभ मिला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को ठीक ढंग से क्रियान्वित करें, जिससे लाभार्थियों को तुरंत लाभ मिले। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना अंतर्गत सितंबर 2024 में 2,43,903 लक्ष्य प्राप्त हुए थे। इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 27 जनवरी 2025 को 5,46,745 अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त हुए। इस प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को कुल 7,90,648 लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को कुल 1.20 लाख रुपए की सहायता राशि तीन किस्तों में आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है। योजना में 60 प्रतिशत राशि केंद्र और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करती है। इस प्रकार 40 प्रतिशत यानी 48 हजार रुपए की राशि राज्यांश के रूप में लाभार्थियों को दी जाती है। इससे पहले 7 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1.05 लाख लाभार्थियों को प्रथम किस्त की सहायता राशि का एकमुश्त भुगतान किया था। इस पर 420 करोड़ रुपए का व्यय हुआ था।

# भारत में महिला बेरोजगारी दर बीते 6 वर्षों में गिरकर 3.2 प्रतिशत हुईः केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि भारत में पिछले छह वर्षों में महिला बेरोजगारी दर तेजी से घटकर मात्र 3.2 प्रतिशत रह गई है। देश में महिला कार्यबल की भागीदारी में सुधार लाने के लिए मसूरी में आयोजित दो दिवसीय विचार-विमर्श में मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि यह अधिक समावेशिता और आर्थिक सशक्तिकरण की ओर बदलाव को दर्शाता है। डावरा ने बताया कि पिछले छह वर्षों में भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सकारात्मक रुझान देखा गया है, जिसमें आर्थिक भागीदारी बढ़ी है, बेरोजगारी घटी है और अधिक शिक्षित महिलाएं कार्यबल में शामिल हो रही हैं। डावरा ने कहा, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 2017-18 में 22.0 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40.3 प्रतिशत हो गया है, जबकि इसी अवधि में महिलाओं के लिए श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने आगे कहा, देश में महिला बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत से गिरकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। सरकार ने विकसित भारत 2047 के तहत महिला कार्यबल भागीदारी 70 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। इस विचार-विमर्श में उद्योग की मांग के अनुसार कौशल विकास पहलों को संरेखित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया, जिससे उच्च विकास वाले क्षेत्रों में महिलाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, कार्यस्थल सुरक्षा, न्यायसंगत नीतियों और लिंग-संवेदनशील श्रम कानूनों को मजबूत करना भी प्राथमिकता के रूप में उभरा। वहीं, इस कार्यक्रम में अनुपालन तंत्र, जेंडर ऑडिट और पोओएसएच को लागू करने की आवश्यकता को भी जरूरी बताया गया।

# मायावती ने आनंद कुमार की जगह रणधीर बेनीवाल को बनाया नया नेशनल कोआर्डिनेटर



**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार की जगह रणधीर बेनीवाल को पार्टी का नया नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया है। आनंद कुमार पहले की तरह पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की भूमिका निभाएंगे। बसपा मुखिया मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, काफी लंबे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था, उन्होंने पार्टी व मूवमेंट के हित के मद्देनजर एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, आनंद कुमार पहले की ही तरह बीएसपी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे और अब उनकी जगह यूपी के जिला सहारनपुर निवासी रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी गई है। मायावती ने आगे लिखा, इस प्रकार, अब रामजी गौतम, राज्यसभा सांसद व रणधीर बेनीवाल ये दोनों बसपा नेशनल कोआर्डिनेटर के रूप में सीधे तौर पर मेरे दिशा-निर्देशन में देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने बीते दिनों पदाधिकारियों की बैठक में बड़ा फैसला लिया था। मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था और अपने भाई आनंद कुमार को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया था। हालांकि, अब मायावती ने राज्यसभा सांसद रामजी गौतम की जिम्मेदारी को बढ़ाया है और अब वह नेशनल कोऑर्डिनेटर होंगे। मायावती ने पिछले दिनों आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित किया था। इसके बाद आकाश आनंद को भी बाहर कर दिया था।

## ट्रंप का बड़ा एलान

# 'दो अप्रैल से लगेगा रेसिप्रोकल टैरिफ, भारत सहित इन देशों की बढ़ेगी टेंशन



**वॉशिंगटन ,एजेंसी।** टैरिफ वॉर के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम उसपर उतना टैरिफ लगाएंगे। इस दौरान ट्रंप ने भारत और चीन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत हम पर 100 प्रतिशत ऑटो टैरिफ लगाता है। भारत समेत चीन मेक्सिको और कनाडा समेत कई देशों पर टैरिफ लगाएंगे।

चीन दोगुना और दक्षिण कोरिया चार गुना ज्यादा टैरिफ लगाता है, जबकि हम उसे सैन्य सहायता देते हैं, लेकिन हम 2 अप्रैल से उस देश पर उतना टैरिफ लगाएंगे, जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाता है। बता दें कि इसे रेसिप्रोकल टैरिफ कहा जाता है। बता दें कि हाल ही में ट्रंप ने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कहा था कि भारत को अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ से नहीं बख्शा जाएगा और इस बात पर जोर दिया कि टैरिफ संरचना पर कोई भी मुझसे बहस नहीं कर सकता। बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने संबोधन की शुरुआत America Is Back कहकर किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका मोमेंटम वापस आ गया है। हमारी रूह वापस आ गई है। हमारा गौरव वापस आ गया है। हमारा विश्वास लौटा है। अब अमेरिका के लोग अपने सभी सपनों को पूरा कर पाएंगे।

# जीआईएस भोपाल से ग्लोबल हुआ प्रदेश का स्टार्ट-अप इको सिस्टम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीआईएस-भोपाल में देश के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विज़न पर काम करते हुए मध्यप्रदेश भी तेजी के साथ एक मजबूत स्टार्ट-अप हब के रूप में उभर रहा है। प्रदेश सरकार नवाचार, उद्यमिता और रोजगार सृजन को प्राथमिकता देते हुए युवा उद्यमियों की आकांक्षाओं के अनुकूल स्टार्ट-अप कल्चर को विकसित करने की दिशा में प्रभावी रणनीति अपना रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा प्रयास मध्यप्रदेश को ÷स्टार्ट-अप और नवाचार का केंद्र÷ बनाना है, जहां युवा उद्यमियों के आइडियाज को सफल व्यवसायों में बदलने के लिए अनुकूल माहौल और पूरा सहयोग मिले। जीआईएस-भोपाल में आयोजित 'फ्यूचर-फ्रंटियर = स्टार्ट-अप पिचिंग' सेशन नें प्रदेश के स्टार्ट-अप्स इकोसिस्टम को पंख दे कर ग्लोबल बना दिया है। आधुनिक तकनीक के इस युग में देश के स्टार्ट-अप जगत में मध्यप्रदेश बहुत तेजी से अपनी उपस्थिति दर्ज चुका है। जीआईएस-भोपाल में 20 से अधिक यूनिकॉर्न के संस्थापकों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है। स्टार्ट-अप पर फोकस्ड सेशन 'फ्यूचर-फ्रंटियर = स्टार्ट-अप पिचिंग' में शामिल होने के लिए कुल 180 स्टार्ट-अप्स ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 25 हाईली पोटेंशियल स्टार्ट-अप्स ने प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों के विश्लेषण के बाद उन्हें जरूरी मार्गदर्शन और निवेश के अवसर भी मिले। इस सेशन में कुल 47 स्टार्ट-अप शामिल हुए थे। इनमें से 19 स्टार्ट-अप्स को एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट प्राप्त हुए। आईआईसीई ने 4 स्टार्ट-अप्स में रुचि दिखाई, एसजीएसआईटीएस ने 3 स्टार्ट-अप्स में, सिल्वर नीडल वेंचर्स ने 3 स्टार्ट-अप्स में, आईटीआई ग्रोथ ने 3 स्टार्ट-अप्स में, ईज़ीसीड ने 7 स्टार्ट-अप्स में, सीफंड ने 3 स्टार्ट-अप्स में, वेंचर कैटालिस्ट्स ने 10 स्टार्ट-अप्स में, वीएएसपीएल इनिशिएटिव्स ने 4 स्टार्ट-अप्स में, एआईस-आरएनटीयू ने 5 स्टार्ट-अप्स में तथा इक्वैनिमिटी इन्वेस्टमेंट्स ने 5 स्टार्ट-अप्स में निवेश की अभिरुचि प्रदर्शित की।

### स्टार्ट-अप्स को मिल रही है वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन

मध्यप्रदेश में स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिये महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति के उद्यमियों के स्टार्ट-अप्स को पहले निवेश पर 18 फीसदी, अधिकतम 18 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता मिल रही है।



# त्योहारों के दृष्टिगत प्रतिष्ठानों/बाजारों का निरीक्षण कर मिलावटी खाद्य पदार्थो पर अंकुश लगाये-डीएम

सांध्य पहल संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय अभय कुमार सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह फरवरी तक की प्रवर्तन कार्यवाहियों एवं जन जागरूकता हेतु किये गये कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी होली पर्व, ईद, नवरात्रि आदि के त्योहारों के अवसर पर अभिसूचना आधारित ठोस प्रवर्तन कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी के साथ संयुक्त टीम गठित कर विभिन्न बाजारों का गहन निरीक्षण करते हुये मानक के अनुरूप न पाये जाने वाले खाद्य पदार्थो को सीज करने व निर्माता, थोक विक्रेता से नमूना संग्रहित कर मिलावटी खाद्य पदार्थो पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया है। औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि संचालित थोक मेडिकल स्टोर पर फुटकर दवाओं की विक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने, विभिन्न बाजारों में संचालित मेडिकल स्टारों का नियमित निरीक्षण करते हुये जेनरिक ब्राण्डेड औषधियों का नमूना संग्रहित कर नकली एवं अधोमानक औषधियों के विक्री पर प्रभावी रोकथाम किया जाये। जिलाधिकारी ने एजेण्डावार समीक्षा की जिसमें सम्बन्धित अधिकारी बैठक में तैयारी के साथ नही आये थे जिस पर सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि अगली बैठक में तैयारी के साथ आये और निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में जन जागरूकता हेतु पम्पलेट्स छपवाकर प्रचार प्रसार किया जाये। तीन महीने का माइक्रो प्लान बनाकर खाद्य पदार्थो की सैम्पलिंग, मेडिकल स्टोर पर दवाओं की सैम्पलिंग अभियान चलाकर किया जाये और जो भी कार्यवाही की जाये उसे समय-समय पर अवगत कराते रहे। संस्था के रजिस्ट्रेशन शत् प्रतिशत कराया जाये, जो भी पुराने केस लम्बित है उसका निस्तारण किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, व्यापार संगठन से मो0 अनाम आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

# वाटरशेड विकास यात्रा को उप कृषि निदेशक ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

सांध्य पहल संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जलागम विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत दिनांक 04 मार्च को डब्लूडीसी-1 मंगरौरा में वाटरशेड विकास यात्रा निकाली गयी जिसमे भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय कार्यालय प्रांगण से उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रथम पाली में माइक्रोवाटरशेड-संग्रामपुर के ग्राम गोड़े में आयोजन किया गया जहां कलश यात्रा के साथ-साथ तालाब जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा द्वितीय पाली का कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरौली के नवाबाद में आयोजित हुआ जहां वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभातफेरी के साथ-साथ जल कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें प्रमुख रूप से परियोजना प्रबन्धक/भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय चमन सिंह द्वारा परियोजना कृषकों को वाटरशेड की जानकारी दी गयी तथा हरित क्रान्ति के बारे में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी द्वारा जल बचाव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा एवं सण्ड़वा चन्द्रिका द्वारा विकास योजनाओं की जानकारी दी गयी। पशुपालन विभाग से डा0 विवेक गुप्ता द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गयी। वाटरशेड विकास टीम के तिलक सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए, आशीष कुमार यादव अवर अभियन्ता, अजीत द्विवेदी, समरथ सिंह, सत्यव्रत मिश्रा, प्रताप नरायन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी एवं प्रदीप कुमार चौहान, दशरथ, अनिल कुमार प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी ने वाटरशेड यात्रा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## बुद्ध कथा में शिष्या विशाखा की कथा से प्रभावित हुए लोग

**कुरावली।** बुधवार को नगर के गंगापुर खेल मैदान में चल रही बुद्ध कथा के पांचवें दिन भगवान बुद्ध की प्रमुख शिष्या विशाखा की कथा सुनाई गई। इस दौरान कथावाचक श्याम सुंदर बौद्ध तथा कथा वाचिका राजेश्वरी बौद्ध ने बताया कि विशाखा भगवान गौतम बुद्ध की प्रमुख महिला शिष्या होने के साथ-साथ प्रमुख उपकारिणी भी थीं। बुद्ध ने विशाखा को मुख्य महिला शिष्या घोषित किया और बौद्ध भिक्षुणियों के आदेश से संबंधित मामलों से निपटने का उन्हें प्रभारी बना दिया। उन्होंने बुद्ध को गृहस्थ समुदाय से संबंधित किसी भी मुद्दे से निपटने में भी मदद की। अपनी शादी के बाद, विशाखा अपने ससुराल वालों, विशेष रूप से अपने ससुर मिगारा, जो नग्न तपस्वियों के संप्रदाय के भक्त थे, को बुद्ध का भक्त बनाने में सक्षम हुईं। उन्होंने बड़ी संख्या में गृहस्थ महिलाओं को बुद्ध के सिद्धांत को सीखने और अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके उदार दान में सबसे बड़ा दान सावत्ती में पुब्बाराम मठ था, जहां बुद्ध के बारे में कहा जाता है कि वे छह वर्षा ऋतुओं के दौरान रुके थे। पाली कैनन के अनुसार, बुद्ध ने पुब्बाराम मठ में रहते हुए कई महत्वपूर्ण प्रवचन दिए हैं। भगवान बुद्ध की आरती व भजन कीर्तन में श्रद्धालु भक्ति से सराबोर नजर आए। इस दौरान आयोजक डॉ प्रमोद कुमार, मधु शाक्य, डॉक्टर राजेश शाक्य, रीता शाक्य, डॉक्टर अंकित शाक्य,कंचन शाक्य श्री कृष्ण लेखपाल, दुलारे लाल प्रेमी, अनार सिंह दिवाकर, सर्वेश शर्मा,श्री चंद्र शाक्य, नंदकिशोर शाक्य, सीएल शाक्य, धनपाल शाक्य, मिलाल शाक्य, भूप सिंह यादव, आरजू शाक्य, अंशिका, उज्जवल, अर्पित, तन्वी, चिराग, सम्यक, कुलदीप, हिरदेश आदि लोग मौजूद रहे।

## शादी के बाद ही अतिरिक्त दहेज में की 2 लाख रुपए की मांग

**कुरावली।** शादी के बाद से ही सैफ अली जनों द्वारा अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपए की मांग किए जाने से परेशान होकर विवाहिता ने थाना में मुकदमा पंजीकृत कराया। क्षेत्र के ग्राम दिवरई निवासी महिला शिवानी पुत्री महावीर सिह ने मंगलवार को थाना में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए बताया कि उसकी शादी बीते 18 फरवरी को कोशलेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश ग्राम अजमतपुर थाना मऊदरबाजा जिला फर्रुखाबाद के साथ उसके जीजा हरीश निवासी आगरा रोड शिवानी फोटो स्टूडियो मैनपुरी के समक्ष बौद्ध मन्दिर मैनपुरी मे हुई थी। शादी के बाद ही शिवानी के पति कोशलेन्द्र उसके पिता ओमप्रकाश तथा भाई पंकज पुत्र ओमप्रकाश तथा भाभी विनीता पत्नी पंकज व उसके जीजा हरीश द्वारा दहेज मे 2 लाख रुपए की माँग की गई तथा कहा कि जब तक 2 लाख रुपए नही लेकर आओगी तब तक अपने घर मे नही घुसने देगे तथा शिकायत की तो जान से मार देगे । पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


कार्यालय ग्राम पंचायत देवपुरा वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी

अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्रांक मीमो/ मनरेगा /पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त /निविदा/2024–25 दिनांक 05–03–2025

मनरेगा /पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त में धनराशि आने की प्रत्यासा के अर्न्तगत ग्राम पंचायत देवपुरा वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी में निम्न कार्य कराये जाने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों को कराये जाने हेतु सामिग्री आपूर्ति हेतु संबांधित फर्मो/सप्लायरो से प्रथक–प्रथक सामिग्री/समस्त हेतु मोहरवंद लिफाफे में निविदा दिनांक 06–03–2025 से 12–03–2025 तक आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 12–12–2024 सांय 3 वजे निविदादाता/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यायल देवपुरा से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत धनराशि नकद/एफ0डी0आर0 के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पदनाम बंधक से संलग्न करनी हैं

कार्य विवरण निम्न प्रकार है–

| क0सं0 | कार्य का नाम | सामिग्री की अनुमानित लागत(लाख में) | अग्रिम धरोहर धनराशि राशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सामिग्री की मात्रा | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी0सी0 रोड व नाली निर्माण डामर रोड से श्रीचन्द्र के घर तक | 569086 | 11381 | 200 | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 3माह |
| 2 | सी0सी0 रोड निर्माण प्राथमिक विद्यालय से पूर्व माध्यमिक विद्यालय तक | 561019 | 11220 | 200 | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 3माह |
| 3 | सी0सी0 रोड निर्माण ओमकार के घर से जवरसिह की मठिया तक | 500000 | 10000 | 200 | बिल ऑफ क्वाटिटी के अनुसार | 3माह |

निविदा की शर्ते–

1– निविदा में प्रस्तुत दरों के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का कोई भाडा मजदूरी, लॉडिंग अंलोडिंग चार्ज देय नही होगा।
2– निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोहर राशि नकद/एफ0डी0आर0 ग्राम पंचायत सचिव के पदनाम से बंधक बनाकर जमा करनी होगी।
3–निविदा स्वीकृत होने पर अनुमानित लागत की अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि नकद/एफ0डी0आर0 जमानत के रूप में जमा करनी होगी।
4–किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र मैनपुरी न्यायालय होगा।
5– कार्य को घटाया बढाया जा सकता है।


ग्राम प्रधान — सचिव

ग्राम पंचायत देवपुरा वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी — ग्राम पंचायत देवपुरा वि0ख0 घिरोर, जनपद मैनपुरी


# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हुए घपलों की जांच के लिए विधायक चौधरी बाबूलाल ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

सांध्य पहल संवाददाता





नियम–51 के अंतर्गत सूचना

प्रमुख सचिव,
विधान सभा,उ0प्र0,लखनऊ।

महोदय,

अवगत कराना है जनपद आगरा में लोक निर्माण विभाग के द्वारा 'प्रधानमंत्री सड़क योजना', सड़क निर्माण और गढढा मुक्ति तथा मरम्मत के वर्ष 2017 से वर्ष मार्च 2025 तक जो कार्य किये जा रहे हैं वह बिल्कुल मानक के खिलाफ है। विभाग द्वारा किये गये सभी कार्यो की टी0ए0सी0 जॉच कराके दोषी अधिकारियों और कम्पनियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही आवश्यक है।

नियम–51 के अंतर्गत अविलम्बिनीय लोकमहत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर वक्तव्य की मांग करता हूँ।

(चौधरी बाबूलाल)
सदस्य विधानसभा
फतेहपुर सीकरी,आगरा

दि0 0[illegible].03.2025

**आगरा।** अछनेरा विधानसभा फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नव निर्मित सड़क निर्माण कार्य, गड्डा मुक्ति कार्य व सड़क मरम्मत कार्य आदि मानक के खिलाफ हुये है। जिसमें सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। जिसके खुलासे के लिए माननीय विधायक चौधरी बाबूलाल ने नियम 51 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार विधानसभा के प्रमुख सचिव के लिए एक पत्र के द्वारा सवाल सरकार से पूछा है कि वर्ष 2017 से मार्च 2025 तक के बीच मे हुये सभी कार्यो की टी.ए.सी. जांच कराने की मांग की है। साथ ही जाँच में दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त दण्डात्मक कार्यवाही का भी अनुरोध किया है। जांच के बाद सरकार की छवि को धूमिल करने वालो पर कसेगा शिंकजा।

# सीएम युवा योजना को गति देने के लिए संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बैंकर्स के साथ की बैठक

### जिला उद्योग केंद्र परिसर में सोमवार से लगेगा ऋण वितरण शिविर, योजना के तहत संबंधित बैंक के स्वीकृत आवेदक ऋण वितरण शिविर में करें प्रतिभाग



**अलीगढ़।** संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा सीएम युवा योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अभी तक विभिन्न बैंक शाखाओं द्वारा 311 प्रकरणों पर स्वीकृतियां निर्गत की गई है कितु मात्र 98 युवाओं को ऋण प्रदान किया गया है। स्वीकृति व ऋण वितरण के बीच में अंतर को कम कराए जाने के उद्देश्य से सभी बैंकर्स व विभाग द्वारा निर्णय लिया गया कि सोमवार 10 मार्च से जिला उद्योग केंद्र आईटीआई रोड औद्योगिक क्षेत्र परिसर में निरंतर ऋण वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा। ऋण वितरण शिविर में ऐसे सभी आवेदक जिनका ऋण स्वीकृत किया जा चुका है किंतु अभी तक वितरण नहीं हुआ वह प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार 10 मार्च को प्रातः 11:00 से 1:00 के मध्य बैंक ऑफ़ बडौदा व बैंक आफ इंडिया से संबंधित आवेदक व शाखा प्रबंधक उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार 10 मार्च को 3:00 बजे से 5:00 बजे के मध्य पंजाब नेशनल बैंक की गोधा, पड़ियावली, रेलवे लाइन शाखा व केनरा बैंक की बिजौली, धनीपुर मंडी, अप्सरा पैलेस, सासनी गेट शाखा के प्रबंधक ऋण वितरण शिविर में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी आवेदकों से अपील की कि उक्त ब्रांचो से संबंधित जिन आवेदकों का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है वह अपने सभी अभिलेखों के साथ निर्धारित तिथि और समय पर जिला उद्योग केंद्र आईटीआई रोड औद्योगिक क्षेत्र परिसर में उपस्थित रहें जिससे कि मौके पर ही उनका ऋण वितरण कराया जा सके। उन्होंने सभी बैंकों के जिला समन्वयक व अग्रणी जिला प्रबंधक से अनुरोध किया कि प्रत्येक ब्रांच से कम से कम दो ऋण मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत अनिवार्य रूप से स्वीकृत एवं वितरित कराए जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि 10 मार्च के बाद भी ऋण वितरण शिविर जारी रहेगा जिसमें उपस्थित होने वाले आवेदकों एवं बैंक शाखाओं की जानकारी पृथक से दी जाएगा। बैठक में अग्रणी बैंक अधिकारी अनामिका सिंह समेत सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

# पीटीए मार्ग के अलीगढ़-पलवल सेक्शन में भू-अर्जन से प्रभावित 15 ग्रामों में 06 मार्च से बंटेगा प्रतिकर

### एडीएम प्रशासन ने कार्मिकों की तैनाती कर शिविर लगाते हुए आवश्यक कार्यवाही के दिए निर्देश

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334 अलीगढ़-पलवल सेक्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू-अर्जन से प्रभावित तहसील खैर के 15 ग्रामों कमशः कुराना, कनौरा, खेड़िया बुजुर्ग, बैरमगढ़ी, उसरह रसूलपुर, हरिरामपुर, अण्डला, असरोई, हामिदपुर, पड़ील, घरबरा, नौहटी, आबूपुर, रेसरी एवं बढ़ौली फत्ते खां के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है। उन्होंने बताया कि भू-अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि कुराना व कनौरा में 06 व 07 मार्च को, खेड़िया बुजुर्ग व बैरमगढ़ी में 10 व 11 मार्च, उसरह रसूलपुर में 12, 17, 26 व 27 मार्च, हरिरामपुर में 12 व 17 मार्च, अण्डला व असरोई में 18 व 19 मार्च, हामिदपुर व पड़ील 20 व 21 मार्च, घरबरा व नौहटी में 22 व 24 मार्च, आबूपुर व रेसरी में 25 मार्च एवं बढ़ौली फत्ते खां में 26 व 27 मार्च को शिविर लगाए जाएंगे। एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र संपादित करते हुए प्रतिदिन की आख्या उपजिलाधिकारी खैर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# होली तथा रमजान पर शांति बनाये रखें:एसडीएम

**घिरोर।** होली तथा रमजान पर्व को लेकर बुधवार को तहसील परिसर में एसपी ग्रामीण की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पर्व पर शांति बनाये रखने में योगदान करने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुये एसपी ग्रामीण अनिल कुमार ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है तो वही होली भाईचारे का पर्व है। जिसमें सभी धर्मों के लोगों को आपस में सहयोग करना चाहिये। एसडीएम प्रसून कश्यप ने पर्व पर शांति बनाये रखने के लिये सभी से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सीओ कुरावली चंद्रकेश, छत्रपाल, संवेदना फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर राही, जर्नलिस्ट एंड मीडिया एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष रूप सिंह, अवर अभियंता विद्युत , अली दराज , काकुल शर्मा, संजय जैन, शहजाद चाचा, अशोक चौहान, बब्बल, मोना गुप्ता अनिल यादव , सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आदित्य यादव बने CRPF में सहायक कमांडेंट, संवेदना फाउंडेशन ने किया सम्मान

**मैनपुरी।** सदर के ग्राम अंजनी निवासी आदित्य यादव ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) में सहायक कमांडेंट पद पर चयनित होकर जनपद का नाम रोशन किया। तीन पीढियों से देश सेवा में समर्पित आदित्य के दादा तेजराम यादव भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, वहीं पिता धर्मेंद्र यादव भी भारतीय सेना में रहकर देश की रक्षा कर चुके हैं। अब आदित्य यादव के CRPF में अधिकारी बनने से गांव में खुशी का माहौल है। आदित्य की इस उपलब्धि पर संवेदना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर धर्मवीर सिंह राही बुधवार को अपनी टीम के साथ अंजनी गांव पहुंचे और उनके आवास पर आदित्य यादव एवं उनके पिता धर्मेंद्र यादव को सम्मानित कर बधाई दी।


उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्याः** ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी-29-2024-25 **दिनांकः** 03.03.2025

**ई-निविदा सूचना**

वारिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

**कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के एमटीजे-पीडब्ल्यूएल खंड में तीसरी और चौथी लाइन पर स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग के प्रावधान के लिए विद्युतीकरण कार्य।

**कार्य पूरा करने की अवधिः** 08 माह। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 3762343.62

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website **www.ireps.gov.in** देखें। टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways website **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** तक **दिनांक 31.03.2025** तक टेन्डर डाल सकते है। **416/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**स्वच्छता शुल्क संग्रहण एवं मॉनिटरिंग एप का किया शुभारंभ, ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाते हुए स्वच्छता के क्षेत्र में की गई अनूठी पहल को और आगे बढ़ाया जाए, ग्राम प्रधान शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंदों को दिलाने में महती भूमिका निभाएं, उत्कृष्ट कार्यों के लिए 32 ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित**



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आहुत की गई। डीएम ने कहा कि जिले में स्वच्छता के क्षेत्र में अनूठी पहल करते हुए उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं, आवश्यकता है कि इसे बरकरार रखते हुए और आगे तक ले जाया जाए। स्वच्छता के क्षेत्र में ग्रामों में भी शहरों की तरह सुविधाएं देने का प्रयास एक सराहनीय कदम है। उन्होंने ग्राम प्रधानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वच्छता शुल्क का संग्रहण एक मुश्किल कार्य है। कोई भी व्यवस्था तभी कामयाब होती है जब उसको आत्मनिर्भरता की ओर ले जाया जाए। हम सभी का सपना होता है कि स्वच्छ रहें और स्वस्थ रहें। ग्रामों में स्वच्छता के अभाव में आय का एक बड़ा हिस्सा इलाज पर खर्च हो जाता है, उसकी तुलना यदि स्वच्छता शुल्क से की जाए तो नगण्य है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से आव्हान किया कि वह शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंदों को दिलाने में महती भूमिका निभाएं। डीएम ने आयुष्मान कार्ड, फार्मर, किसान सम्मान निधि, जीरो पॉवरिटी जैसी योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि से कार्य करने का आव्हान किया। डीएम ने कहा कि स्वच्छता शुल्क के रूप में एकत्रित धनराशि का उपयोग ग्रामों में स्वच्छता के स्तर को एक कदम आगे ले जाने के लिए किया जाए ताकि ग्रामवासियों को भी दृश्यमान स्वच्छता का एहसास हो सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा यूनिसेफ एवं एचडीएफसी बैंक के सहयोग से विकसित स्वच्छता संग्रहण एप का शुभारंभ किया गया। एप के माध्यम से जिला, पंचायतीराज, ब्लॉक एवं ग्राम प्रधान स्तर पर भी कूड़ा उठान एवं स्वच्छता शुल्क संग्रहण की प्रगति की मॉनिटरिंग की जा सकेगी। डीएम ने ग्राम वासियों की समस्या व शिकायतों के लिए एक टोल फ्री नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित जिले के उत्कृष्ट ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यों व समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। इस पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से आव्हान किया कि नवीन तकनीक को अपनाकर ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाएं। इस अवसर पर डीएम ने जिले के 32 ग्राम प्रधानों को उनके उत्कृष्ट कार्यो के उपहार देकर उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित किया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख खैर दिवाकर गौड, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, पीडी भाल चंद त्रिपाठी, डीपीआरओ मो0 राशिद, बीएसए राकेश कुमार सिंह, यूनिसेफ से प्रदीप कुमार समेत सभी बीडीओ, संबेधित अधिकारीगण व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। ब्लॉक अकराबाद के जिलौली हीरासिंह प्रधान प्रदीप कुमार, लधौआ की श्रीमती संध्या देवी, अतरौली के जिरौली धूम सिंह की रूचि भारद्वाज, काजिमाबाद के साहब सिंह, इगलास कारस की श्रीमती पुष्पा देवी, साथनी की श्रीमती रामवती देवी, खैर गौमत के ओमप्रकाश, धूमरा की श्रीमती ऊषा देवी, गंगीरी धनसारी की अनीसा बेगम, भमोरी बुजुर्ग की सदफ इल्यास, सतरापुर की रजिया खान, शाहजहपुर बेजना की श्रीमती नीरज देवी, बरला की श्रीमती पानकुमारी, गोंडा तलेसरा के गजेन्द्र सिंह, गहलऊ की श्रीमती किरन देवी, गोरई के चंदन सिंह, चण्डौस ओगर नगला राजू के वनी सिंह, अमृतपुर की श्रीमती सीमा देवी, टीकरी भवांपुर की श्रीमती रतनेश, जवां परतापुर की श्रीमती रीना देवी, साथा की श्रीमती ओमवती देवी, गोधा के प्रवीण कुमार शर्मा, टप्पल भरतपुर की श्रीमती नीलम देवी, उसरह रसूलपुर के सुधीरपाल सिंह, जैदपुरा के योगेश चौधरी, धनीपुर सिकंदरपुर माछुआ की श्रीमती कल्पना सिंह, बुढ़ांसी की हुश्नबानो, उखलाना की ललितेश चौहान, बिजौली दत्ताचोली बुर्जग के उदयवीर सिंह, बिजौली की श्रीमती श्यामवती देवी, लोधा ताजपुर रसूलपुर के सत्यपाल सिंह एवं मेहरावल के परमेश उपाध्याय को सम्मानित किया गया।

# एडीएम सिटी ने शहर में सुव्यवस्थित यातायात के लिए क्वार्सी चौराह एवं बुद्ध विहार बस स्टैण्ड पर चलाया अभियान

### क्वार्सी चौराहे पर 20 ई-रिक्शा वाहनों को क्वार्सी थाने में कराया निरूद्ध, बुद्ध विहार बस स्टैण्ड के बाहर 02 अनाधिकृत बसों का किया चाला 01 बस को किया निरूद्ध



**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट के नेतृत्व में संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), नगर निगम, यातायात निरीक्षक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं यात्रीकर अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा बुधवार को क्वार्सी चौराहे पर अवैध रूप से, नाबालिगों द्वारा एवं बिना लाईसेन्स के संचालित ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। अभियान में 20 ई-रिक्शा वाहनों को क्वार्सी थाने में निरूद्ध किया गया। एडीएम सिटी ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेगा। विगत कई दिनों से बुद्ध विहार बस स्टैण्ड के बाहर से बहुत से अनाधिकृत वाहन संचालित होने की शिकायत पर एडीएम सिटी के नेतृत्व में बुद्ध विहार बस स्टैण्ड के बाहर चेकिंग कार्यवाही की गयी, जिसमें 2 अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के चालान किये गये और एक बस को निरूद्ध किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी प्रचलित रहेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण समिति के साथ ही जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025-26 में कराए जाने वाले वृक्षारोपण के लिए शासन द्वारा विभागवार लक्ष्य आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप अन्तर्विभागीय समन्वय से स्थल चयन कराते हुए पौध तैयार कराई जाए। उन्होंने सघन वृक्षारोपण तकनीक की जानकारी सभी अधिकारियों को सुनिश्चित कराने के लिए उनको प्रशिक्षित किए जाने के भी निर्देश दिए। डीएम ने डीडीओ को निर्देशित किया कि जिले के सभी 852 ग्रामों में मनरेगा पार्क बनाए जाएं जो कम से कम लगभग 2000 वर्गमीटर (आधा एकड़) क्षेत्रफल में हो। उन्होंने मनरेगा पार्कों के साथ ही ग्रामों में फलदार पौधे रोपित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में भी सिटी फॉरेस्ट विकसित किए जाने के संबंध में एडीएम प्रशासन को पौधरोपण की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने जैव विविधता समिति एवं आर्द्र भूमि समिति की गठन जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए। जिले में अवस्थित वाटर बॉडीज के चिन्हांकन के सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थल चयन के उपरांत यह सुनिश्चित किया जाए कि पौधे अनिवार्य रूप से लग जाएं। उन्होंने प्रत्येक ग्राम में हरित चौपाल आयोजन के संबंध में रोस्टर जारी कर प्रत्येक शुक्रवार को चौपाल आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ नवीन कुमार, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, डीडीओ आलोक आर्य, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, एक्सईएन सिंचाई राजेन्द्र कुमार समेत संबंधित अधिकारीगण एवं सदस्य जिला गंगा समिति ज्ञानेश शर्मा उपस्थित रहे।

# सीएम योगी बरसाना में रंगोत्सव-2025 का करेंगे उद्घाटन

**बरसाना में करीब ढाई घंटा रहेंगे सीएम योगी, श्री राधारानी जी का करेंगे दर्शन- पूजन, आगरा की जनता को करीब 474 करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की देंगे सौगात, एक हजार युवाओं को सीएम मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत करेंगे चेक वितरित**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा/मथुरा।** सीएम योगी आदित्यनाथ का 07 मार्च को बरसाने में रंगोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगे। ब्रज के प्रस्तावित दौरे में शुक्रवार की सुबह सबसे पहले सीएम योगी बरसाना में लाडली जी के मंदिर में श्री राधारानी जी का दर्शन- पूजन करेंगे और विश्व प्रसिद्ध ब्रज की होली के कार्यक्रम में शिरकत कर रंगोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगे। होली के अवसर सीएम योगी ब्रज की जनता को करोड़ों रुपये परियोजना की सौगात देंगे। सीएम योगी आगरा के सर्किट हाउस में करीब 474 करोड़ के 96 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ 07 मार्च को आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पर सुबह 10.00 पहुंचेंगे और यहां से सीधे हेलीकॉप्टर द्वारा बरसाना के लिए रवाना हो जाएंगे। हेलीकॉप्टर से 10.35 बजे गोवर्धन रोड स्थित नगर पंचायत बरसाना में बने हेलीपैड पहुंच जाएंगे। वहां से रोप- वे के द्वारा 10.50 पर लाडली जी के मंदिर में श्री राधा रानी में दर्शन पूजन करेंगे। दर्शन- पूजन के बाद सीएम योगी सुबह 11.25 बजे से 11.55 बजे तक राधा बिहारी इंटर कॉलेज में ब्रज की विश्व प्रसिद्ध होली के रंगोत्सव 2025 कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे और ब्रजवासियों को संबोधित करेंगे। 12.00 बजे से 12.25 बजे तक का समय बरसाना में लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में आरक्षित है। दोपहर 12.30 बजे सीएम योगी आगरा के लिए रवाना हो जाएंगे। सीएम योगी दोपहर करीब 01 बजे आगरा के सर्किट हाउस में 474 करोड़ रुपये की 96 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसमें पुलिस विभाग की बिल्डिंग, एत्मादपुर तहसील में गंगाजल परियोजना, शहरी क्षेत्र की पेयजल परियोजना, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाएं शामिल हैं। सीएम योगी आगरा मेट्रो के निर्माण की प्रगति की भी जानकारी भी लेंगे। सीएम योगी सर्किट हाउस में आगरा मंडल के एक हजार युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत पांच लाख रुपये का चेक देंगे। सीएम शहर में करीब दो से तीन घंटे तक रहेंगे। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि सीएम योगी के आगरा आगमन को लेकर तैयारियां चल रही है।

**- डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा**

सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बरसाने में रंगोत्सव 2025 कार्यक्रमों के लिए श्री राधा बिहारी इंटर कालेज में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, पंडाल, आवागमन मार्ग, पंडाल के आसपास की साफ-सफाई आदि को देखा। जिलाधिकारी ने रोप- वे और हैलीपैड का निरीक्षण किया और वहां की सफाई की व्यवस्था की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्वयं रोप- वे की नाली साफ की और वहां गंदगी मिलने पर रोप वे स्वामी को नोटिस दिया। जिलाधिकारी सहित पूरी टीम ब्रह्मांचल पहाड़ी पर भी सफाई अभियान चलाया। जिलाधिकारी ने खुद पॉलिथिन, पानी को बोतल व अन्य कचरा उठाकर डस्टबिन में डाला। जिलाधिकारी ने बरसाना में स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने वहां चल रही साफ सफाई, रंगाई- पुताई को देखा और अधिशासी अभियंता लोक निर्माण को पेड़ों को सजाने, सड़कों पर बने फुटपाथ, दीवार आदि पर पेंट कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने हेलीपैड स्थल, रिक्स कटिंग का भी जायजा लिया। हेलीपैड के आसपास पानी का छिड़काव और विशेष साफ- सफाई रखने के निर्देश दिए।

# शादी पार्टी में चोरी करने वाला बच्चा गैंग गिरफ्तार: नए कपड़े पहनाकर और ट्रेंड बच्चे को भेजते थे सामान चुराने, पलक झपककते ही पार करते बैग

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सर्विलांस व एसओजी (नगर जोन) व थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्रान्तर्गत शादी समारोह में चोरियों की घटना को अन्जाम देने बाले अभियुक्त व बाल अपचारी को किया गिरफ्तार। 04.03.2025 को थाना सिकन्दरा पर एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दी गयी, कि एक मार्च को पीड़ित अपने परिवार के साथ शादी में गया था। जहां से उसकी पुत्री का पर्स किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। पर्स में फोन,व 2,50,000 रुपए व गहने थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अभियोग दर्ज कर लिया गया। दूसरी घटना 04.03.2025 को थाना सिकन्दरा पर एक व्यक्ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि 03.03.2025 को पीड़ित की पुत्री की सिकन्दरा स्थित रिसोर्ट में शादी थी। शादी के स्टेज के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैग चोरी कर लिया गया। बैग में कुछ लिफाफे, मोबाइल फोन, पर्स, व 2,50,000



रुपए व अन्य समान था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। उपरोक्त घटनाओं के शीघ्र अनावरण एवं चोरों की गिरफ्तारी हेतु था सिंकदरा पर टीमों का गठन किया गया। एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि चार मार्च की रात्रि पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत शास्त्रीपुरम गोल चक्कर चौराहे पर चैकिंग/गस्त कर रही थी। तभी मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर दिव्या रिसोर्ट के पास से शादियों में चोरी की घटना को अन्जाम देने वाले 01 अभियुक्त व एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

**चोरी की वारदात की योजना बना रहे थे अभियुक्त**

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्त प्रशांत ने बताया, कि उसके पास से बरामद रुपये, दस्तावेज व बैग शादियों में की गयी चोरी से सम्बन्धित हैं । अभियुक्त ने 01.03.2025 व 03.03.2025 की रात में मैरिज होम्स में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की थी । अभियुक्त व बाल अपचारी ने बताया कि वह देश के अलग अलग राज्यों में विवाह स्थल/मैरिज होम में जाकर, वहाँ पर दूल्हा व दूल्हन पक्ष के परिवारीजनों के बैगो की रैकी कर रुपये व जेवरात से भरे बैगो की चोरी करते थे तथा वहाँ से तुरन्त निकलकर पास के रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर अपने घर लौट जाते हैं । उनका साथी बंटी उन्हें रेलवे स्टेशन पर ही मिलता था। अभियुक्त 04.03.2025 की रात में भी किसी शादी में चोरी करने के इरादे से सिकन्दरा आया था। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त .प्रशान्त पुत्र गणेश सांसी निवासी ग्राम गुलखेडी, थाना बोडा जनपद रायगढ़, मध्य प्रदेश। व दूसरा बाल अपचारी है। दोनों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

**ये सामान बरामद**

अभियुक्त के कब्जे से 2,59,500 रुपए व 02 अदद मोबाईल व 01 अदद मोबाइल चार्जर 05 अदद आई कार्ड 01 अदद राशन कार्ड 39 लिफाफे 02 अदद बैग बरामद हुए है।

**ऐसे करते थे चोरी**

एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि ये लोग रेलवे स्टेशन पर आते थे। वहां से बड़े मैरिज होम या रिसॉर्ट में जाते। इनके साथ जो बच्चा होता था, उसे ये नए कपड़े पहनाकर अंदर भेज देते। वो बच्चा दूल्हा दुल्हन के परिजनों के आसपास ही घूमता रहता था। तीन मार्च को रिसॉर्ट में हुई चोरी में पुलिस को सीसीटीवी कैमरे से पता चला कि आरोपी बच्चा करीब डेढ़ घंटे तक परिजनों के पास ही मंडराता रहा। जैसे ही वो फोटो खिंचवाने के लिए बैग को रखकर उठे, वैसे ही बैग लेकर फरार हो गया।

**पुलिस टीम में ये रहे शामिल**

पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक सिंकदरा नीरज शर्मा, सर्विलांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक अंकुर मलिक एसओजी टीम के प्रभारी उप निरीक्षक सुनीत शर्मा उप निरीक्षक विपिन कुमार उप निरीक्षक हरेन्द्र कुमार उप निरीक्षक सुरजीत सिंह महिला उप निरीक्षक हर्षा गुलिया प्रशिक्षु उप निरीक्षक शुभम और अर्जुन सिंह और आकाश सिंह हैड कांस्टेबल देवनारायन मिश्रा कांस्टेबल विनय और अखिलेश कुमार शामिल थे।

# शराब पीनी थी इसी लिए लूट ली बाइक, पुलिस ने गिरफ्तार किए तीन शातिर



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** सर्विलांस/एसओजी टीम नगर जोन व थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए, दिन दहाड़े मोटर साइकिल लूट कर सनसनी फैलाने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि 18.02.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना हरीपर्वत पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित 18 फरवरी को समय दोपहर 14¬30 बजे दिल्ली गेट स्थित डा. अनिल गौर के क्लीनिक से अपने मालिक की मोटर साईकिल संख्या यूपी (80) जी एक्स (6665) से संजय पैलेस जा रहा था तभी पी. एल. पैलेस होटल के सामने तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीड़ित को रोककर पीड़ित से मोटरसाईकिल एवं फोन छीन लिया और भाग गये। पीड़ित द्वारा इस सम्बन्ध में 18 फरवरी को थाना हरीपर्वत पर शिकायत दी गई थी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

**आईएसबीटी के पास से पकड़ा**

पांच मार्च को थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत गस्त/चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर आईएसबीटी बस स्टैण्ड के पीछे मैन रोड के कोने से 03 अभियुक्तों 01. विष्णु शर्मा पुत्र रामकुमार निवासी वार्ड न0 25 बस स्टैण्ड के पास राजा खेडा जनपद धौलपुर राजस्थान 02. लाखन ओझा पुत्र नत्थीलाल ओझा निवासी गांव सेदपुरा थाना निबोहरा जनपद आगरा 03. दादू बैरागी पुत्र हरिओम बैरागी निवासी वार्ड नं? 12 राजा खेडा जरया मौहल्ला हाट मैदान थाना राजा खेडा जनपद धौलपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 02 मोबाइल फोन व 01 मोटर साइकिल(लूट की) बरामद हुई।

**लात मारकर गिरा दिया था**

एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बाताया गया कि तीनों अभियुक्त दिनांक 18.02.2025 को कोर्ट में तारीख पर आये थे कोर्ट से अभियुक्त विष्णु की तारीख होने के बाद तीनों अभियुक्त शराब पीकर पीएल पैलेस होटल के पास बाहर बैठे थे, दोपहर का समय था एक लडका रांग साइड से बाइक पर आ रहा था अचानक से अभियुक्त लाखन ने उसको लात मारकर बाइक सहित गिरा दिया और लड़के को पकड़ कर उसकी बाइक की चाबी छीन ली वह लड़का चिल्लाने लगा, जिसके बाद अभियुक्तों ने उसको धक्का देकर गिरा दिया, फिर लड़का किसी को फोन मिलाने लगा, अभियुक्त विष्णु ने फोन छीन लिया और तीनों अभियुक्त लूटी हुई मोटरसाइकल पर बैठकर भाग गये, अगले दिन अभियुक्तों ने लूटी हुई बाइक की नंम्बर प्लेट निकाल कर फेंक दी और लूटा हुआ फोन उसी दिन शाम को ठेके के पास एक व्यक्ति को शराब के रुपयों के लिए 500/ रुपये में बेच दिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्त विष्णु शर्मा पुत्र रामकुमार निवासी वार्ड न0 25 बस स्टैण्ड के पास राजा खेडा जनपद धौलपुर राजस्थान और लाखन ओझा पुत्र नत्थीलाल ओझा निवासी गाँव सेदपुरा थाना निबोहरा जनपद आगरा। और दादू बैरागी पुत्र हरिओम बैरागी निवासी वार्ड नं0 12 राजा खेडा जरया मौहल्ला हाट मैदान थाना राजा खेडा जनपद धौलपुर राजस्थान है।पुलिस ने बताया की तीनों अभियुक्त विष्णु शर्मा पर चार अभियुक्त लाखन ओझा पर चार और अभियुक्त दादू बैरागी पर पहले भी अपराधिक मुकदमे दर्ज है। तीनों आरोपियों माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा उसके बाद जेल भेजा जाएगा। पुलिस टीम में थाना प्रभारी हरीपर्वत एवं प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय महाडिक सर्विलांस सेल के प्रभारी उप निरीक्षक अंकुर मलिक एसओजी टीम के प्रभारी उप निरीक्षक सुनीत शर्मा उप निरीक्षक योगेश कुमार उप निरीक्षक दिनेश कुमार प्रशिक्षु उप निरीक्षक शत्रुधन सिंह कास्टेबल शुभम तौसिफ और विजय कुमार शामिल रहे।

# तीन साल की बच्ची को ऑटो ने कुचला: घर के बाहर खेल रही थी, घायल बच्ची को रास्ते में छोड़ भाग गया चालक

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** घर के बाहर खेल रही तीन साल की बच्ची को पानी की सप्लाई देने जा रहे लोडिंग टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। ,चालक को पकड़ लिया। आरोप है कि हास्पीटल ले जाते समय टेंपो चालक रास्ते में मारपीट कर बच्ची और परिजन को छोड़कर भाग गया। इससे देर हो गई और बच्ची ने दम तोड़ दिया। राहुल नगर, बोदला निवासी अरमान आटो चालक हैं। वह पत्नी रिहाना, बेटा रिहान और बेटी अयाना के साथ रहते हैं। बताया गया है कि अरमान मंगलवार शाम घर पर नहीं था। पत्नी घर के अंदर काम कर रही थी। तीन साल की बेटी अयाना घर के बाहर



खेल रही थी। शाम करीब 5 बजे गली में पानी की सप्लाई देने वाला लोडिंग ऑटो जा रहा था। आटो से बच्ची को टक्कर लग गई। हादसे में बच्ची गंभीर रूप ये घायल हो गई। शोर होने पर उसकी मां घर से बाहर निकलकर आई। खून में लथपथ बेटी को देख दहाड़े मारकर रोने लगी। स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया। लोगों के कहने पर चालक इलाज कराने के लिए तैयार हो गया। परिजन के साथ हास्पिटल चल दिया। परिजन का आरोप है कि घर से आधा किलोमीटर की दूरी पर गाली गलौज देने लगा। मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बच्ची और उसके परिजन को बीच रास्ते में छोड़कर भाग गया। इस वजह से हास्पिटल पहुंचने में देर हो गई। अयाना ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जगदीशपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि टेंपो को सीज कर दिया गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# नगर आयुक्त निवास के पीछे बन रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त: 8006 की टीम ने की कार्रवाई

## सिकंदारा क्षेत्र में होटल में हो रहा अवैध निर्माण भी सील किया

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** हाईवे स्थित नगर आयुक्त निवास के पीछे अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) का बुल्डोजर चला। बिना स्वीकृति के विकसित की जा रही कॉलोनी को एडीए के बुल्डोजर ने ध्वस्त कर दिया। वहीं, सिकंदरा क्षेत्र में होटल की छत पर किए जा रहे अवैध निर्माण को भी सील किया गया। विकास प्राधिकरण एम अरून्मोली ने बुधवार को ताबतोड़ कार्रवाई की। सुरेंद्र शर्मा द्वारा पुष्पांजलि रेजीडेंसी, नगर आयुक्त की कोठी के पीछे एनएच 19 पर अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही थी। लगभग 1800 वर्गगज में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में पक्की सड़क डाल दी गई थी। इतना ही नहीं, कुछ भवनों भी बन गए थे। पिलर के साथ लिंटर डालने की तैयारी थी। कुछ प्लॉटों की बाउंड्री हो रही थी। बुधवार को एडीए की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कालोनी विकसित करने के संबंध में पूछताछ की तो न तो कोई संतोषजनक जवाब दे सके और न ही कोई इस संबंध में दस्तावेज दिखा सके। इस पर एडीए की प्रवर्तन टीम ने सचल दस्ते की मदद से अनाधिकृत कालोनी को ध्वस्त कर दिया। बुल्डोजर की मदद से अवैध निर्माण ढहा दिया गया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 के अंतर्गत की गई।

**सिकंदरा चौराहा के पास कार्रवाई**

वहीं,एडीए ने लोहामंडी वार्ड क्षेत्र अंतर्गत एक अनाधिकृत निर्माण को सील किया। कुणाल पुत्र महावीर सिंह द्वारा सरोज एन्क्लेव के निकट सिकंदरा चौराहा पर बिना मानचित्र स्वीकृति के होटल केएन पैलेस की छत पर अवैध निर्माण किया जा रहा था। एडीए के प्रवर्तन टीम द्वारा सचल दस्ता के सहयोग से सील कर दिया। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 28क (1) के अंतर्गत की गई।

# थाना खंदौली में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की हुई बैठक, हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कार्रवाई

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना खंदौली पर पुलिस आयुक्त के आदेश व अपर पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपायुक्त पश्चिम के निर्देश के क्रम मे,सहायक पुलिस आयुक्त एत्मादपुर के नेतृत्व मे ग्राम प्रधान, पूर्व ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, एससी/एसटी के सदस्यगण व थाना क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे करीब 150 से अधिक व्यक्तियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया लोगों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया साथ ही उनकी समस्यों के बारे मे भी बात की गयी,थाना प्रभारी राकेश चौहान ने कहा कि जुमा और होली एक ही दिन होने के चलते सामुदायिक सद्भाव के साथ होली मनाएं। हुड़दंग मचाने वालों, बाइक पर ट्रिपल राइडिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तेज़ आवाज़ में डीजे ना चलायें गांव और चौराहों व मोहल्लों को चिह्नित कर विशेष निगरानी की जाएगी। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सभी को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। सभी ग्रामवासियों से सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गई।

# एसडीएम की बड़ी कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर राजस्थान जा रही 360 कुंटल सरसों को पकड़ा

## जीएसटी और मंडी शुल्क चोरी की आशंका मंडी सचिव को दिए जांच के आदेश

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** एसडीएम किरावली ने मंडी टैक्स एवं जीएसटी को चोरी कर जा रहे तीन टैक्टर ट्रॉली में करीब तीन सौ कुंतल से अधिक सरसों को पकड़ा है। रविवार देर रात थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव जैगारा के पास उपजिलाधिकारी किरावली राजेश कुमार जायसवाल ने बिना मंडी टैक्स दिए ले जाया जा रही करीब 360 कुतल सरसों को पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार सरसों किरावली क्षेत्र से तीन टैक्टरों में लोड कर राजस्थान की तरफ भेजा जा रहा था।गांव जैगारा स्थित एक साथ तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली सरसों से भरे जा रहे थे। उपजिलाधिकारी किरावली राजेश कुमार जायसवाल ने किरावली से कागारौल मार्ग पर जिसकी जांच की तो पूछताछ में चालक मंडी शुल्क से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके। नियम के मुताबिक पकड़े गए तीनों ट्रैक्टर ट्रॉली में लदी सरसों पर करीब डेढ़ प्रतिशत मंडी शुल्क एवं पांच प्रतिशत जीएसटी का देने का प्रावधान है, इसमें अछनेरा मंडी परिषद को करीब 27 हजार रुपये का राजस्व मिलता। उपजिलाधिकारी किरावली राजेश कुमार जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए तीनों ट्रैक्टर ट्रॉलियों



को किरावली थाना ने कब्जे में ले लिया है। और मंडी सचिव अछनेरा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। थाना पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा लिया है। वही मंडी सचिव अछनेरा संजय कुमार पचेहरा ने बताया कि पकड़े गए ट्रैक्टर चालक के पास गेट पास,और अन्य प्रपत्र नहीं मिले, जबकि कागज भी सही नहीं है। उपजिलाधिकारी किरावली राजेश कुमार जायसवाल ने बताया कि अछनेरा मंडी सचिव को जांच के निर्देश दिए है। अछनेरा मंडी से रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# फरवरी माह में टिकट चेकिंग आय में आगरा मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## आगरा मंडल ने टिकट चेकिंग में माह फरवरी में 39689 केस दर्ज कर 2.31 करोड़ का जुर्माना वसूला

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमित आनन्द के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग आगरा मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु माह फरवरी 2025 में विशेष टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा,अनियमित यात्रा, बिना बुक लगेज एवं गंदगी फ़ैलाने व धुम्रपान करने वाले,अनाधिकृत वैंडरो एवं स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों में सघन जाँच करायी गयी। जाँच के परिणाम स्वरूप आगरा मंडल के स्टेशनों पर बिना टिकट यात्रा करने वाले 18801 केस पर 1.29 -करोड़ रूपये , अनियमित यात्रा करने वाले 20865 केस पर 1.02/-करोड़ रूपये एवं बिना बुक लगेज यात्रा करने वाले 23 केस पर 15265/- रूपये यात्रियों को प्रभारित किया गया7 जिसके परिणाम स्वरूप कुल 39689 केस से



2.31/-करोड़ रूपये रेल राजस्व प्राप्त किया गया, जो कि आगरा मंडल के पिछले वर्ष माह फरवरी -2024 में कुल 26557 केस से बिना टिकट, अनियमित यात्रा ,अनबुक्ड लगेज यात्रियों को प्रभारित किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कुल 1.56/- करोड़ रूपये रेल राजस्व प्राप्त किया गया था। रेल राजस्व में पिछले वर्ष माह की तुलना में 47.58त्न की अधिक वृद्धी हुई है जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान को और गति देते हुए चेकिंग स्क्वायड द्वारा ट्रेनों में दिन - रात औचक टिकट जांच की जा रही है । मंडल के विभिन्न रेल खंडों और मुख्य रेलवे स्टेशनो पर भी सघन टिकट जांच की जा रही है। उत्तर मध्य रेलवे यात्री सेवा में सदैव तत्पर है अतःयात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करे, स्टेशन तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलाए।

# नगर पंचायत के टेम्पो चालक के मोबाइल को उठा ले गया बाइक सवार घटना सीसीटीवी में कैद

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अछनेरा गर पंचायत किरावली के मौहल्ला व्यापारियान के वार्ड नं 09 में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले नगर पंचायत किरावली के टेम्पो चालक जीतू का मोबाइल जेब से गिर पड़ा उसे मीट लेने आये एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उठा ले गया। जब टेम्पो चालक जीतू को अहसास हुआ की उसकी जेबों में उसका मोबाइल नहीं है तो पीड़ित ने आसपास के लोगों से अपने मोबाइल के बारे में पुछताछ की तो सभी ने मोबाइल मिलने से इंकार कर दिया। तभी पीड़ित की नजर एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों पर पड़ी जब पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज चेक करवाए तो उसमें सारी घटना कैद हो गई । सीसीटीबी कैमरे एक युवक मोबाइल उठाता हुआ नज़र आ रहा है। और बाइक संख्या यूपी (80) एफ एच (4373) पर बैठ कर भाग निकला पीड़ित जीतू ने थाने पर शिकायत देने की बात कही है।



# खंदौली के आरोपी की सेंट्रल जेल से अस्पताल में मौत

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** हत्या के आरोप में सजायाफ्ता सेंट्रल जेल के बंदी वीरपाल सिंह उम्र 65 वर्ष की मंगलवार को इलाज के दौरान एसएन मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पैंतखेड़ा खंदौली निवासी वीरपाल को हत्या के आरोप में सजा हुई थी। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। तबियत में सुधार न होने पर बंदी को एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वह कई दिनों से भर्ती थे। मंगलवार को इलाज के दौरान बंदी ने दम तोड़ दिया। जेल प्रशासन ने बताया कि बंदी सांस की बीमारी से ग्रस्त था। उसका लगातार इलाज चल रहा था। सूचना पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए।




# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में क्लस्टर सुविधा ईकाई एवं भौगोलिक उपदर्शन समिति की बैठक 10 मार्च को

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय क्लस्टर सुविधा ईकाई अलीगढ़ एवं भौगोलिक उपदर्शन समिति की बैठक 10 मार्च को अपरान्ह 12:30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में आहुत की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बैठक के एजेण्डानुसार निर्धारित समयावधि में अपने विभाग से संबंधित सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## संपादकीय

# ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्ड कार्ड ने पूरी दुनिया को चकमका दिया है। ट्रंप जो कहते हैं वह हमेशा कर भी दें इसकी कोई गारंटी नहीं है। और इसकी भी कोई गारंटी नहीं की जो वह करना चाहते हैं उसे सचमुच कर पाएं, मगर इतना तय है कि उन्होंने पदभार संभालते ही जिस तरह का धूम-धड़ाका किया है उसने कई देशों की नींद उड़ा दी है। कई देशों को चिंता में डाल दिया है तो कई देशों को अपनी अमेरिकी नीति पर पुनर्विचार करने पर बाध्य कर दिया है। भारत भी ट्रंप की घोषणाओं और उसके क्रियान्वयन से अछूता नहीं है। अवैध प्रवासियों की अपमानजनक वापसी की धमक भारत झेल ही रहा था कि अब उसे गोल्ड कार्ड भी परेशानी में डाल रहा है। ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना वास्तव में क्या है किसी के समझ में नहीं आई है। इस योजना के मुताबिक 50 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 44 करोड़ रुपये देकर कोई भी विदेशी नागरिक अमेरिका में बस सकता है और तीव्र गति से अस्थाई नागरिकता प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो सकता है। पहली बात तो यह है कि लोग धन कमाने के लिए लोग धन कमाने के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, अपना धन लेकर अमेरिका में बसना नहीं। यहां ट्रंप अमेरिका को एक बिकाऊ माल की तरह बेचना चाहते हैं जैसे कोई अच्छी जमीन बेची जाती है। यानी ट्रंप अमेरिका को ऐसे स्वर्ग के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं जहां किसी भी देश का कोई व्यक्ति 50 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च कर बसना चाहेगा। क्या सचमुच अमेरिका ऐसा स्वर्ग है? अगर भारत की बात करें तो यहां बहुत बड़ी संख्या धनपतियों की है जिन्होंने अनेकानेक गैर कानूनी तरीकों से धनी इकट्ठा किया है और वह इसकी सुरक्षा चाहते हैं। ऐसे लोग भारत में सीधे राजनेताओं या राजनीतिक दलों को अपनी सुरक्षा के लिए धन उपलब्ध कराते हैं। चुनावी चंदे में इस तरह के कई मामले उजागर हुए थे। दूसरी बात जो ट्रंप ने प्रतिभावान विदेशी छात्रों के बारे में कही जो अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद नागरिकता नहीं मिलने के कारण अपने मूल देश में लौटकर व्यापार करते हैं और करोड़ों में खेलने लगते हैं। सवाल है कि कोई अमेरिकी कंपनी 50 लाख डॉलर देकर ऐसे प्रतिभावान उद्योगों को नौकरी देने में रु चि क्यों दिखाएगी। इसका कोई ठोस तर्क सामने नहीं है। बहरहाल, जनता की गाढ़ी कमाई को अमेरिका में ले जाकर बसने के भ्रष्ट पूंजीपतियों को गोल्ड कार्ड ने जरूर सुनहरा अवसर दिखा दिया है।

# पंजाब में मनरेगा में घोटाले ही घोटाले

(सुभाष आनंद-विनायक फीचर्स)



पंजाब में मनरेगा स्कीम घोटालों का महाकुंभ बनती जा रही है। नित नए घोटालों का पर्दाफाश हो रहा है,जिसके कारण सरकार की बदनामी बढ़ती जा रही है। मनरेगा में धांधली को रोकने के लिए सरकार ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। इसको लेकर केंद्र सरकार ने भी नोटिस जारी किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सभी राज्यों को नई गाइडलाइन भेजकर तत्काल प्रभाव से इस पर अमल करने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनने के लिए शीघ्र ही जिला स्तरों पर लोकपालों की नियुक्ति की जाएगी, कार्यों की निगरानी के लिए निर्धारित डिजिटल टेक्नोलॉजी की अनदेखी करने वालों को अब बक्शा नहीं जाएगा। देखने में आया है कि कई गांवों के सरपंचों ने अपने पूरे परिवार को मनरेगा में अवैध रूप से शामिल कर रखा है और लाखों रुपए के घोटाले करने में लगे हुए हैं । पंजाब में कई क्षेत्रों में ग्रामीण लोगों को मनरेगा का पूरा लाभ नहीं मिल रहा बल्कि अधिकारी गरीब मजदूरों का खुलकर शोषण कर रहे हैं ।पंजाब में कई पंचायतें मनरेगा का दुरुपयोग करके खुली लूट मचा रही है ,कई सरकारी अधिकारी भी इस लूट में शामिल हो रहे हैं। फिरोजपुर में तो एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें अधिकारियों ने एक ऐसा गांव बना दिया जो असल में मौजूद ही नहीं है। सरकार ने इस गांव के विकास पर 43 लाख रुपये खर्च कर दिए । इस काल्पनिक गांव का नाम 'न्यू गट्टी राजो की' बताया गया है। इसे सरकारी कागज़ों में %गट्टी राजो की% गांव के पास दिखाया गया है। गूगल मैप पर तो इस गांव का कोई अस्तित्व ही नहीं है। इस मामले में सामने आया कि पंजाब सरकार ने 'न्यू गट्टी राजो की' नाम से एक अलग फर्जी पंचायत बनाई और इस फर्जी गांव के नाम पर विकास कार्यों के लिए मोटी रकम दी गई।

कागजी गांव को मिला असली से ज्यादा पैसा

जांच में खुलासा हुआ कि असली गट्टी राजो की गांव के लिए 80 मनरेगा जॉब कार्ड बने थे, जबकि फर्जी गांव के लिए 140 कार्ड बनाए गए। असली गांव में केवल 35 विकास कार्य हुए, जबकि फर्जी गांव में 55 काम कागज़ों पर दर्ज किए गए। इनमें सेना के बांध की सफाई, पशु शेड, स्कूल पार्क, सड़कों और इंटरलॉकिंग टाइल्स जैसे कार्य शामिल थे।

कैसे रुकेगी धांधली

मनरेगा में धांधली आखिरकार कैसे रुकेगी? इस पर कहा गया है कि शिकायतों का निपटारा करने के लिए अफसरशाही भी किसी हद तक दोषी है। इसके लिए जिला स्तर पर लोकपाल नियुक्त किए जाएंगे ,लेकिन अभी तक स्थिति ठीक नहीं है। सभी राज्यों को आदेश दिए गए हैं जहां लोकपाल नियुक्त नहीं होंगे उस राज्य का बजट रोक लिया जाएगा। दूसरे प्रावधान के अधीन निगरानी करने वाले लोगों का दायरा बढ़ा दिया गया है। जब धरातल पर मनरेगा में काम करने वाले लोगों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मनरेगा के द्वारा खुले तौर पर सरकारी अधिकारी ग्राम पंचायत के सरपंचों के साथ मिलकर लूट रहे हैं। यदि कोई शिकायत करते हैं तो उल्टा हम पर ही गुस्सा निकाला जाता है । दिल्ली में बैठे बड़े आला अफसरों ने माना है कि राज्य सरकारें मनरेगा में बड़े-बड़े घोटालों पर चुप्पी साधे हुए हैं ,लेकिन अब केंद्र सरकार ने जो कदम उठाए हैं उससे किसी हद तक मनरेगा में धांधली कम हो जाएगी, यदि कोई घोटाला होता है तो उसके लिए सीधे-सीधे जिले के डिप्टी कमिश्नर को दोषी माना जाएगा। स्थानीय स्तर पर होने वाले कार्यों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार रोकने की प्रणाली को ना अपनाए जाने पर केंद्र ने राज्य सरकारों को अपनी नाराजगी प्रकट करते हुए फंड रोकने तक की धमकी दी है ।

उधर ,पंजाब सरकार का कोई अधिकारी आधिकारिक तौर पर मनरेगा में फंड्स के दुरुपयोग पर बोलने के लिए तैयार नहीं हैं लेकिन दबी जुबान में मानते हैं कि मनरेगा भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा साधन है, जिसमें जिले के छोटे अधिकारियों से लेकर बड़े अधिकारी तक शामिल है। मनरेगा का भ्रष्टाचार और गड़बड़ी को रोकने के लिए मंत्रालय ने सभी राज्यों को एक प्रस्ताव भेजा है जिसमें ग्राम पंचायत के प्रमुखों से लेकर विधायक और सांसदों के प्रतिनिधियों को शामिल करने का आदेश है ,इसमें केवल विधायकों और सांसदों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की बात कही गई है, इससे मनरेगा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को रोजगार मिलने का अवसर मिलेगा। मूलतः मनरेगा एक स्कीम नहीं बल्कि एक कानून है जिसके अधीन ग्रामीण मजदूरों की ओर से जितना काम मांगा जाएगा उसी के अनुसार बजट का प्रावधान किया जाएगा। केंद्र सरकार की तरफ से राज्य प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा। स्थानीय लोगों का सहयोग लेने की प्लानिंग लगभग अंतिम निर्णय तक पहुंच चुकी है। जिला पंचायत के प्रस्तावित कार्यों की निगरानी स्थानीय जनप्रतिनिधियों का समूह करेगा।

## शब्द सामर्थ्य - 346

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा–जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने–पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 345 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# तंबाकू सेवन एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट

अमरपाल सिंह वर्मा

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी। अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। यह सर्वविदित है कि तंबाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुका है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों कारण बन रहा है। तंबाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तंबाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं। संधि के तहत कई प्रभावी उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकषर्क डिजाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तंबाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वि की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है। डब्ल्यूएचओ ने संधि की 20 वीं वषगांठ के मौके पर कहा है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केंद्रित यूएन संधि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू गैर संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलागंता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तंबाकू जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं क्योंकि वह अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तंबाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं।

# नहीं हो सकते सब एक समान

प्रदीप छाजेड़
( बोरावड )



हर मानव अपनी कर्म प्रकृति के अनुसार जन्म लेता हैं तो सबमें एक समानता कैसे हो सकती हैं । हर मानव में सबके समान अंग होते है पर उनके जीने का ढंग समान नहीं होता है । दृष्टि समान होने पर भी दृष्टिकोण समान नहीं होता हैं । नजर से ज्यादा नजरिये की पहचान ज्यादा महत्वपूर्ण है ।जहां दृष्टि सकारात्मक रहती है वहां सदा आनंद की सरिता बहती है । भावों की दुनियां, विचारों के दर्पण मे प्रतिबिंबित होती है और भावों तरगें अपने कृतकर्मों के भार को ही ढ़ोती है फिर सभी की सोच को एक जैसी मानना तो अति कल्पना है क्यूंकि हर व्यक्ति की वेदना, संवेदना व्यक्तिगत होती है। कहते हैं कि हमारे जीवन का चित्र ही नहीं चरित्र भी सुदंर हो ।भवन ही नहीं हमारी भावना भी सुंदर हो ।साधन ही नहीं साधना भी सुंदर हो । प्रायः मानव दिखावे के चक्कर में कुछ - कुछ संसाधन प्रयुक्त करते हैं,वो उनकी सही मानसिकता न होने से करते हैं और उन संसाधनों में जो हिंसा होती है,उससे भी कर्मों के भार से अपनी आत्मा को भारी बनाते हैं और वो अस्थायी सुंदरता देने वाले भी होते हैं। द्रष्टि ही नहीं हमारा दृष्टिकोण भी सुंदर हो ।सबका देखने का नजरिया अलग होता है परन्तु सकारात्मकता के साथ जीना सार्थक होगा । क्योंकि हमारी जिन्दगी चंद दिनो की है।सभी के प्रति हमारा मैत्री भाव रहे,ईर्ष्या नहीं।ईर्ष्या या प्रतिस्पर्धा ही इंसानो के बीच वैर पैदा करवाती है।हमारे कर्म बंधन का हेतु बनते हैं। हमारा सभी के प्रति मैत्री भाव रहे । इस तरह ज्यों-ज्यों हम स्वयं को जानते जाएँगे दूसरों को देख-देख कर अफसोस करने की हम अपनी मानसिकता भूलते जाएँगे। दुनिया में सब एक समान नहीं हो सकते यह भी सब सही से समझते जाएँगे।

# राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आज आपको कुछ सम्मानित लोगों का स्नेह मिलेगा। जीवन में चल रही उलझनों से आज छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा के साथ आप काम करेंगे। कार्य शुरू करने से पहले अपने सहकर्मियों की सलाह जरूर ले लें, जिससे आपको काम करने में आसानी हो। सोशल मीडिया पर फेमस लोगों के लिए आज का दिन बेहतर है। फ़ॉलोअर्स में इजाफा होगा। आपको किसी करीबी रिश्तेदार से मिलने का अवसर मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल बनेगा।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें। बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगे। आज आपका महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। आज धार्मिक आयोजन में जाने से मानसिक रूप से राहत मिलेगी। आपके बेटे का अच्छी जगह चयन होने से परिवार में उत्सव का माहौल बनेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको शहर में जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे। लवमेट में पहले से चली आ रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। किस्मत का साथ मिलने में परेशानी आ सकती है, इसलिए मेहनत से काम करें। किस्मत के सहारे न बैठें। राजनीति से जुड़े लोग आज अपना समारोह करेंगे। आप किसी ट्रिप पर जाने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके विश्वास न करें। आज घर के बड़े-बुजुर्गों का ख़ास ख्याल रखने की जरूरत है, समय से दवाई दे। लेखनों की किताब पब्लिश हो सकती है, जिसको लोगों के द्वारा काफी पसंद किया जाएगा। आज आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखना होगा अन्यथा बना बनाया काम बिगड़ सकता है। परिवार के साथ आज मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। कान से जुड़ी समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा सकते है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आप प्रभावित होंगे। अगर आपका पैसा कहीं फंसा है तो उसे हासिल करने के लिए आज अच्छा दिन है। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई में विशेष ध्यान देंगे जल्द ही आपकी सफलता के योग बन रहे हैं। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपने कोच से कुछ नया सीखेंगे और अपना अच्छा परफॉर्मेंस देंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके बिजनेस में चल रही परेशानियां दूर हो जाएगी। काफी दिनों से चल रही ईएमआई आज पूरी हो जाएगी। आपके पिता जी आपको महत्वपूर्ण काम सौंपेंगे जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है।

**तुला**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेगी। आज आप परिवार को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे। आज आपका किसी इंटरव्यू में सेलेक्शन होगा अच्छी जॉब मिलेगी। आपके अच्छे विचार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेंगे। आप अपनी दिनचर्या में बदलाव कर सकते हैं, आपको स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी। आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे। जीवन में चल रही समस्याओं का समाधान मिलेगा। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से शांति महसूस करेंगे। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपके काम से लोग प्रभावित होकर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज लोगों की मदद करने की इच्छा मन में जागेगी। आज आप शॉपिंग करने जा सकते हैं। आज आपकी व्यापारिक योजनाएं सफल होंगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आपको किसी मित्र से धन लाभ होगा, जिससे बैंक बैलेंस मज़बूत होगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट होगा। आज अपने व्यस्तता से भरे माहौल से थोड़ा समय निकालकर अपने लिए परिवार के लिए निकालेंगे तो खुशियां बढ़ेगी। आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से किया गये काम में आपको सफलता मिलेगी। आज के दिन आप दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर किसी मेहमान के आने से खुशियां ही खुशियां होंगी। लेकिन किसी काम को कुछ देर तक के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है। आज किसी भी विपरीत परिस्थितियों में अपने गुस्से को नियंत्रित करके मामले को बखूबी संभाल लेंगे। इस राशि के जो लोग ट्रांसपोर्ट का काम करते है, उनको आज ज्यादा लाभ होगा। आज किसी काम में बड़ों की सलाह मिलेगी जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति से कुछ नया सीखेंगे, लोगों के लिए आज आपका रवैया अच्छा रहेगा। किसी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। आपको किसी बड़ी परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज अपनी पर्सनल बात किसी के साथ डिस्कस करने से बचेंगे तो आप किसी बड़ी परेशानी से बच जाएंगे। व्यापार में आपको अपने सहयोगियों की मदद मिलेगी, ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा।

# कुसुमा नाइन जिसे किशोरावस्था के अधूरे इश्क ने बनाया दस्यु सुंदरी

(मनोज कुमार अग्रवाल-विनायक फीचर्स)



चार दशक पहले चंबल के बीहड़ों में कुसुमा नाइन खूंखार दस्यु सुंदरी के नाम से जानी जाती थी। कभी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में दहशत का पर्याय बनी डकैत कुसुमा नाइन ने लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह इटावा जेल में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रही थी। साल 1984 में कुसुमा का नाम सुर्खियों में तब आया, जब उसने 15 मल्लाहों को एक साथ गोली मार दी थी। कुसुमा का यूपी से लेकर एमपी तक के बीहड़ों में आतंक था। उस पर हत्या समेत दर्जनों केस दर्ज थे। कुसुमा को कभी सबसे खूंखार %दस्यु सुंदरी% माना जाता था। जातीय उन्माद के चलते निर्दोषों का खून बहाकर,उनकी आंखे निकालकर ठहाका लगाने वाली कुसुमा खुद जर्जर शरीर के साथ दुनिया से चली गयी।

1981 में बहमई कांड में डाकू फूलन देवी ने 22 राजपूतों की सामूहिक हत्या की थी। इसके बदले में 1984 में कुसुमा ने 14 मल्लाहों को मौत नींद की सुला दिया था। उनके घरों को भी आग के हवाले कर दिया था। कुसुमा की मौत के बाद नरसंहार वाले औरैया के गांव अस्ता में जश्न का माहौल है।

समय का चक्र भी बड़ा विचित्र है । कुसुमा जिस पति केदार नाई का साथ छोड़ कर डकैत माधव मल्लाह के साथ भाग कर बीहड़ में कूदी थी,अंतिम समय में उसी पति केदार नाई ने उसे मुखाग्नि देकर इस संसार से विदा किया। मूल रूप से महेवा ब्लाक के टिकरी मुस्तकिल की रहने वाली कुसम का उसके ससुराल कुठौंद ब्लाक के कुरौली गांव में अंतिम संस्कार किया गया। कुसुमा नाइन पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज थे। कई मुकदमों में गवाहों और साक्ष्य न मिलने से वह बरी हो गई। बाद में कानपुर के सेवानिवृत्त एडीजी के अपहरण व हत्या के मामले में वह ऐसा फंसी कि उसे आजीवन कारावास की सजा हुई, इसी सजा के चलते वह इटावा जेल में कैद थी।

कुसुमा नाइन का जन्म साल 1964 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के टिकरी गांव में हुआ था। पचनद के जंगलों की कुख्यात डकैत कुसुमा नाइन पर हत्या समेत 24 से अधिक मामले दर्ज थे। देश में जितनी महिला डकैत थीं, उनमें कुसमा सबसे खूंखार मानी जाती थी। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी डरू नाई की पुत्री कुसुमा नाइन का



जन्म 1964 में हुआ था। कुसुमा के पिता गांव के प्रधान थे। चाचा गांव में सरकारी राशन के कोटे की दुकान चलाते थे। इकलौती संतान होने के चलते लाड़ प्यार से पल रही थी। 13 साल की उम्र में उसे पड़ोसी माधव मल्लाह से प्रेम हो गया। वह उसके साथ चली गई। करीब दो साल तक उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने पिता को चिट्ठी लिखी कि वह दिल्ली के मंगोलपुरी में माधव के साथ है। तब पिता दिल्ली पुलिस के साथ पहुंचे और उसे घर ले आए। इसके बाद माधव मल्लाह पर डकैती का केस लगा और कुसुमा के पिता ने उसकी शादी केदार नाई से कर दी। माधव मल्लाह चंबल के कुख्यात डकैत का साथी था। शादी की खबर पाने के कुछ माह बाद माधव गैंग के साथ कुसुमा के ससुराल पहुंचा और उसे अगवा कर लिया। माधव, उसी विक्रम मल्लाह का साथी था,जिसके साथ फूलन देवी का नाम जुड़ता था। विक्रम मल्लाह की गैंग में रहने के दौरान ही उसे फूलन के जानी दुश्मन लालाराम को मारने का काम दिया गया। लेकिन फूलन से अनबन के कारण बाद में कुसुमा नाइन, लालाराम के साथ ही जुड़ गयी और फिर विक्रम मल्लाह को ही मरवा दिया। इसी कुसुमा नाइन और लालाराम ने बाद में सीमा परिहार का अपहरण किया था, जो कि कुख्यात डकैत के रूप में उभरकर सामने आई थी। साल 1981 में फूलन देवी ने बेहमई कांड को अंजाम दिया था।

चुर्खी थाना क्षेत्र के एक गांव में 1982 में लालाराम और कुसुमा का गैंग रूका था। पिथऊपुर के पीछे इस गांव में डकैत अक्सर रहा करते थे। इसकी जानकारी तत्कालीन चुर्खी थानाध्यक्ष केलीराम को हुई, तो वह दबिश देने गांव पहुंच गए। उस समय कुसुमा शीशा लेकर मांग में सिंदूर भर रहीं थी। जैसे ही उसे शीशे में पुलिस दिखी तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना में थानाध्यक्ष केलीराम और सिपाही भूरेलाल की मौत हो गई थी। विभिन्न थानों की फोर्स के साथ एसपी जब तक पहुंचे लालाराम, कुसुमा बीहड़ों की ओर भाग गए थे। कुसुमा पुलिस की दो थ्री नाट थ्री राइफल भी लूट ले गई थी। प्रतिशोध की आग में जलने के कारण ही उसने संतोष और राजबहादुर नामक दो मल्लाहों की आंखें निकाल कर बेरहमी की नई इबारत लिख दी थी। पिछले 20 साल से इटावा जेल में उम्रकैद की सजा काट रही कुसमा टीबी रोग से ग्रसित थी। उसकी क्रूरता के किस्से आज भी लोगों के जेहन में हैं।

कुसुमा नाइन ने 2004 में मध्य प्रदेश के भिंड में आत्मसमर्पण किया था। तभी से वह जेल में बंद थी। इस बीच उसे कई बीमारियों ने जकड़ लिया। उम्र का भी असर था। इन सबके बीच बीते दिनों लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान कुसुमा का निधन हो गया। बेहमई कांड के बाद फूलन ने सरेंडर कर दिया था। इसके बाद बीहड़ में कुसुमा नाइन का दबदबा तो बढ़ा ही। उसने लूट, डकैती और हत्या की दर्जनों घटनाओं को अंजाम भी दिया। वह अपनी क्रूरता के लिए भी कुख्यात थी। जिसमें वह किसी को जिंदा जला देती थी तो किसी की आंखें निकाल लेती थी। साल 1984 में कुसुमा का नाम सुर्खियों में तब आया, जब उसने बेहमई कांड की तर्ज पर 15 मल्लाहों को एक साथ गोली मार दी थी। इसी घटना के बाद उसकी लालाराम से भी अनबन हो गई और वह रामाश्रय तिवारी उर्फ फक्कड़ बाबा से जुड़ गई। उस पर एक रिटायर्ड एडीजी समेत कई पुलिसवालों की हत्या का भी आरोप था। कई सालों बाद उसका बीहड़ों से मन उचट गया। साल 2004 में कुसुमा और फक्कड़ ने अपनी पूरी गैंग के साथ पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। तब से कुसुमा जेल में थी और उम्रकैद की सजा काट रही थी । कुसुमा की कहानी आधी सदी पहले के उस भारत की सामाजिक व्यवस्था, डकैतों के समानांतर प्रभुत्व,अवयस्क लड़कियों के यौन शोषण,और जातीय उन्माद के चलते सामूहिक नरसंहार करने की सच्ची कहानी है, जिस कालखंड में शोले रील नहीं रीयल स्टोरी हुआ करती थी।

# राजस्व अधिकारी 6 माह से अधिक लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण करें : कलेक्टर

## फार्मर रजिस्ट्री 31 मार्च तक शत-प्रतिशत पूरा करें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि धारणाधिकार योजना में जारी पट्टों में 15 दिन की समय सीमा में प्रीमियम राशि जमा कराएं। प्रीमियम राशि समय सीमा में जमा न करने पर पट्टे निरस्त करने तथा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही करें। सभी पीठासीन अधिकारी राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके 6 माह से अधिक समय से लंबित सभी प्रकरण निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी के तहत यदि कोई प्रकरण समय सीमा से बाहर है तो संबंधित राजस्व अधिकारी पर जुर्माने की कार्यवाही करें। फार्मर रजिस्ट्री के लगभग एक लाख हितग्राही शेष हैं। विशेष प्रयास करके 31 मार्च तक फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपील प्रकरणों की सुनवाई तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की हर सप्ताह समीक्षा करें। लंबित प्रकरणों के संबंध में समय पर प्रतिवेदन न देने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को सात दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। शासन के निर्देशों के अनुसार वक्फ सम्पत्तियों का सत्यापन करने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर जानकारी दर्ज कराएं। सभी एसडीएम भू अर्जन के लंबित प्रकरणों पर तत्परता से कार्यवाही करके मुआवजा राशि का वितरण करें। भू अर्जन के बाद खसरे में संबंधित विभाग का नाम दर्ज कराएं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शेष बचे किसानों की ई केवाईसी कराएं। जमीन के डायवर्सन की लंबित राशि तथा भू राजस्व की वसूली 15 दिवस में शत-प्रतिशत करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम और तहसीलदार क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। जिले में 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन शुरू हो रहा है। उपार्जन के लिए पंजीकृत सभी किसानों का गिरदावरी के अनुसार पंजीकृत रकबे का सत्यापन करें। कलेक्टर ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु के शेष बचे व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में 12 मार्च तक शिविर लगाए जा रहे हैं। सभी छूटे हुए व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। इसके लिए ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का पूरा सहयोग लें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, सहायक कलेक्टर आर प्रपंज, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, जिला प्रबंधक लोक सेवा रविकांत पाण्डेय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा अधीक्षक भू अभिलेख एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

क्रमांक-43-813-उमेश तिवारी-फोटो क्रमांक 01, 02 संलग्न है।

### बजट के संबंध में आयोजित की गई वेबिनार

**रीवा,कासं.।** अग्रणी बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी में गत दिवस बजट के संबंध में वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार में जिले भर के किसानों तथा बैंक अधिकारियों ने शामिल होकर केन्द्रीय बजट के प्रमुख प्रावधानों के संबंध में चर्चा की। वेबिनार में आर्थिक विशेषज्ञों द्वारा बजट के प्रमुख प्रावधानों तथा अर्थव्यवस्था पर बजट के सकारात्मक प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी।

# हैण्डपंप सुधार के लिए 25 हैण्डपंप तकनीशियन तैनात

**रीवा,कासं.।** लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार का अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में सहायक यंत्री पीएचई ने बताया कि हैण्डपंप सुधार के लिए 25 प्रमुख स्थानों पर हैण्डपंप तकनीशियन तैनात किए गए हैं। इन्हें औसतन 8 से 10 पंचायतों में खराब हैण्डपंपों के सुधार की जिम्मेदारी दी गई है। इन तकनीशियनों को आउटसोर्स संविदाकार आशीष कुमार मिश्रा आवश्यक उपकरण, वाहन तथा सहयोगी श्रमिक उपलब्ध कराएंगे। हैण्डपंप तकनीशियन धीरेन्द्र पटेल को संसारपुर तथा बसिगवां, गुरू प्रसाद शर्मा को बुड़गवां तथा धवैया, अनिल कुमार त्रिपाठी को क्योटी और देवास, रामभजन कोरी को लालगांव तथा सरई में तैनात किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अश्वनी कुमार पटेल को लौरी नम्बर दो तथा बड़ियौर, विकास कुमार शुक्ला को शिवराजपुर तथा रजहा, देवेन्द्र कुमार पटेल को सूरा तथा महमूदपुर, वीरेन्द्र कुमार पटेल को बेलवा पैकान तथा कंदैला एवं अमित कुमार प्रिंजे को नौआ तथा माद में तैनात किया गया है। समर बहादुर को गंगेव तथा ऊंचाटोला, बृजेन्द्र सिंह को तेंदुआ कोठार तथा बसौरी नम्बर दो में तैनात किया गया है। नंदलाल सिंह को टिकुरी नम्बर 37 में तैनात किया गया है। इनके अलावा अतरैला, गोदरी 27, पड़ुआ तथा विकासखण्ड स्तर पर उपयंत्री हैण्डपंप मेकेनिक के साथ तैनात रहेंगे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

## नेशनल लोक अदालत में 50 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई

**रीवा,कासं.।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 50 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मनगवां, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 30 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 7 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 4, मनगवां में एक खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्डपीठ क्रमांक एक में जिला न्यायाधीश श्री सुधीर सिंह राठौड, खण्डपीठ क्रमांक 2 में जिला न्यायाधीश श्री संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 3 में जिला न्यायाधीश रमेश रंजन चौबे, खण्डपीठ क्रमांक 4 में न्यायाधीश श्री देवेन्द्र सिंह पाल, खण्डपीठ क्रमांक 5 में न्यायाधीश श्री केशव सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 6 में न्यायाधीश श्री आनंद गौतम तथा खण्डपीठ क्रमांक 7 में न्यायाधीश श्री प्रवीण पटेल को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 8 में न्यायाधीश श्रीमती पदमा जाटव, खण्डपीठ क्रमांक 9 में न्यायाधीश दिलीप सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 10 में न्यायाधीश आशीर्वाद भिलाला, खण्डपीठ क्रमांक 11 में न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 12 में न्यायाधीश यशपाल सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 13 में न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 14 में न्यायाधीश श्रीमती प्रीतिशिखा अग्निहोत्री, खण्डपीठ क्रमांक 15 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरूण सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 16 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री पन्ना नागेश प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

इसी प्रकार खण्डपीठ 17 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री अश्विनी सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 18 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री अक्षत तयाल, खण्डपीठ क्रमांक 19 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री ललित कुमार मईड़ा, खण्डपीठ क्रमांक 20 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री अंजली अग्रवाल, खण्डपीठ क्रमांक 21 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री अमित सिंह धुर्वे, खण्डपीठ क्रमांक 22 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री अदिति अग्रवाल, खण्डपीठ क्रमांक 23 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री स्वाती रघुवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 24 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश श्री दिलीप माहोर, खण्डपीठ क्रमांक 25 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सुश्री कंचन सैनिक, खण्डपीठ क्रमांक 26 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड रंजीत भड़करिया, खण्डपीठ क्रमांक 27 में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री शिवकांत, खण्डपीठ क्रमांक 28 मे अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम श्री सुदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 29 में औद्योगिक न्यायालय में न्यायाधीश श्री केके मिश्रा तथा खण्डपीठ क्रमांक 30 में श्रम न्यायालय में न्यायाधीश श्री अमित नगायच प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। मऊगंज न्यायालय परिसर में खण्डपीठ क्रमांक 31 में न्यायाधीश श्री संजीव कटारे, खण्डपीठ क्रमांक 32 में न्यायाधीश श्री हीरालाल अलावा, खण्डपीठ क्रमांक 33 में न्यायाधीश श्री साजिद मोहम्मद, खण्डपीठ क्रमांक 34 में न्यायाधीश श्री आनंद बागरी, खण्डपीठ क्रमांक 35 मे न्यायाधीशश्रीमती गीता उइके, खण्डपीठ क्रमांक 36 में न्यायाधीश सुश्री ओशी जैन, खण्डपीठ क्रमांक 37 में न्यायाधीश श्री युवराज दीक्षित प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

तहसील न्यायालय परिसर सिरमौर में खण्डपीठ क्रमांक 38 में न्यायाधीश संतोष चौहान, खण्डपीठ क्रमांक 39 में न्यायाधीश श्री संजय वर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 40 में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 41 में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अल्तमश रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 42 में न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती भारती केशरी कश्यप, खण्डपीठ क्रमांक 43 में न्यायाधीश श्री अमित कुमार शर्मा प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

तहसील न्यायालय परिसर त्योंथर में खण्डपीठ क्रमांक 44 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री दयाराम कुमरे, खण्डपीठ क्रमांक 45 में न्यायाधीश श्री कमलेश मीणा, खण्डपीठ क्रमांक 46 में व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती मोहनी भदौरिया, खण्डपीठ क्रमांक 47 में व्यवहार न्यायाधीश श्री आशुतोष प्रताप सिंह प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। तहसील न्यायालय परिसर हनुमना में खण्डपीठ क्रमांक 48 में न्यायाधीश श्री विनोद कुमार चौधरी तथा खण्डपीठ 49 में न्यायाधीश श्रीमती कीर्ति दुबे तथा तहसील न्यायालय मनगवां में खण्डपीठ क्रमांक 50 में न्यायाधीश श्री यश अबिद्रा प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान 12 मार्च तक

## विशेष अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

**रीवा,कासं.।** आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। रीवा जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वर्तमान में 77033 व्यक्ति आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शेष हैं। इनका आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान 12 मार्च तक चलेगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शेष बचे पात्र व्यक्तियों के कार्ड बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान की अवधि में ग्राम रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सीएचओ ग्राम पंचायत भवन में बैठकर पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। शेष व्यक्ति यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत भवन आने में असमर्थ हैं तो घर-घर जाकर उनके कार्ड बनाए जाएंगे।

जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा बीएमओ मिलकर अभियान के दौरान शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। आयुक्त नगर निगम तथा सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहरी क्षेत्रों के शेष बचे व्यक्तियों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वार्डवार शिविर लगाएं।

### फरार आरोपी पर 20 हजार का ईनाम घोषित

**रीवा ।** थाना मनगवां में दर्ज आपराधिक प्रकरण में आरोपी जयप्रकाश दुबे आयु 45 वर्ष तथा नितिन दुबे आयु 21 वर्ष दोनों घटना दिनांक से फरार हैं। इन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। इसे निरस्त करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक साकेत प्रकाश पाण्डेय ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपए के ईनाम की घोषणा की है।

खेल/व्यापार

## समाचार

### शेयर बाजार में तेजी के बावजूद बीएसई शेयरों में गिरावट जारी, आज 9 फीसदी की गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** बीएसई के शेयर की कीमत आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 9 फीसदी की गिरावट के साथ 4,035.10 रुपये पर पहुंच गई, जो चार महीने से अधिक का निचला स्तर है. इसके साथ ही बीएसई के शेयर ने पिछले सात दिनों की गिरावट को और बढ़ा दिया. एनएसई ने मंगलवार, 4 मार्च, 2025 को अपने इक्विटी डेरिवेटिव अनुबंधों के लिए समाप्ति दिनों में बदलाव की घोषणा के बाद आज बीएसई के शेयर गिर रहे हैं. एनएसई ने निफ्टी 50 और अन्य उल्लेखनीय सूचकांकों के लिए अपने डेरिवेटिव अनुबंधों की समाप्ति तिथि को गुरुवार से सोमवार तक बढ़ा दिया है, जो 4 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगी. एनएसई ने कहा कि इस संशोधन का उद्देश्य समाप्ति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और मानकीकृत करना, बाजार दक्षता को बढ़ाना और निवेशकों के लिए अधिक स्पष्टता देना है. इस कदम से निफ्टी 50, बैंक निफ्टी, फिननिफ्टी, निफ्टी नेक्स्ट50 और निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स के साथ-साथ स्टॉक डेरिवेटिव्स की एफएंडओ समाप्ति पर असर पड़ेगा. एनएसई ने एक परिपत्र में कहा कि सभी मौजूदा डेरिवेटिव अनुबंधों की संशोधित समाप्ति तिथि अनुबंध फ़ाइल में उपलब्ध होगी, जो 03 अप्रैल, 2025 को दिन के अंत में तैयार की जाएगी, जो 04 अप्रैल, 2025 को व्यापार के लिए लागू होगी।

### लगातार दूसरे दिन सोने की कीमतों में आया उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव तो बना रहता है. लेकिन यह एक ऐसी धातु है जिसकी डिमांड हमेशा बनी रहती है. खास तौर पर शादी-ब्याह का सीजन हो या फिर कोई और बड़ा ओकेजन. यही कारण है कि लोगों की नजरें भी इनकी कीमतों में रही उठा-पटक या ऊंच-नीच पर टिकी रहती हैं. गोल्ड एक ऐसी धातु है जो आपके लुक को निखारने में तो मदद करता ही है साथ ही आपके निवेश का भी बेहतरीन जरिया माना गया है. ऐसे में 5 मार्च की बात की जाए तो इस दिन सोने की कीमतों में लगातार दूसरी बार उछाल देखा गया है. 24 कैरेट गोल्ड में 600 रुपए प्रति 10 ग्राम दाम बढ़े हैं. आइए जानते हैं आपके शहर में क्या है ताजा रेट. 5 मार्च 2025 की बात करें तो गुड रिटर्न के मुताबिक 24 कैरेट गोल्ड में 10 ग्राम सोने की कीमत 87980 रुपए है. यानी एक तोला खरीदने के लिए आपको करीब-करीब 88 हजार रुपए चुकाना होगा. बता दें कि एक दिन पहले इसकी कीमत 87380 रुपए प्रति तोला थी. यानी एक दिन में 600 रुपए का उछाल देगा गया है. जबकि इससे एक दिन पहले भी सोने की कीमत में 700 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई थी. इस हिसाब से लगातार सोने की कीमतों में बदलाव हो रहा है। सोने की कीमतें उसके कैरेट के मुताबिक चलती हैं. सोने को कई अलग-अलग कैरेट यानी श्रेणी में खरीदा जा सकता है. सबसे ज्यादा शुद्ध सोना 24 कैरेट को माना गया है. हालांकि इसमें कोई भी आभूषण नहीं बनता है. क्योंकि यह काफी ठोस होता है. ऐसे में अगर आप आभूषण के लिहाज से सोना खरीदना चाहते हैं तो आपको 22 कैरेट गोल्ड खरीदना होगा. इसके साथ ही अच्छा सोना लेने के लिए आप इस पर बीएसआई या हॉलमार्क जरूर देखकर लें. इससे आपके सोने की गारंटी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगी. जब भी आपको इसे बेचने की नौबत आएगी तो आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होगी. यही नहीं इससे आपको ये भी संतुष्टि होगी कि आपने अच्छा सोना या शुद्ध सोना खरीदा है. आपके शहर में सोने की कीमतों की बात की जाए तो दिल्ली में 1 ग्राम गोल्ड की कीमत 8813 रुपए है. जबकि चेन्नई में ये रेट 8798 है. वहीं मुंबई में भी 8798, कोलकाता, हैदराबाद, केरल, पुणे 8798 रुपए है. जबकि वडोदरा, अहमदाबाद में 8803 रुपए है. इसी तरह जयपुर और लखनऊ में भी एक ग्राम सोने की कीमत 8813 रुपए है. पटना में आपको 1 ग्राम गोल्ड के लिए 8803 रुपए खर्च करना होंगे. चंडीगढ़ की बात करें तो यहां 8813 रुपए में प्रति ग्राम मिल रहा है।

# पाकिस्तान से छिन गई चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी, पीसीबी को लगा झटका




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में 4 रन से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री मार ली है. भारतीय टीम लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है. इस हार के साथ ऑस्ट्रेलिया की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है. ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 264 रन बनाया था. जवाब में भारत ने 48.1 ओवर में ही 6 विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच की मेजबानी पाकिस्तान नहीं बल्कि दुबई करेगा. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच 9 मार्च को खेला जाएगा. टीम इंडिया ने फाइनल में जगह बना ली है. अब ये तय हो गया है चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल मैच पाकिस्तान में नहीं बल्कि दुबई में खेला जाएगा. दरअसल अगर भारत फाइनल तक का सफर तय नहीं करता तो फाइनल मैच पाकिस्तान की मेजबानी में खेला जाता, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया अब दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मैच खेलेगी. टीम इंडिया 2013, 2017 के बाद लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी की फाइनल मैच खेलेगी. हालांकि फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम कौन होगी इसका फैसला 5 मार्च को साउथ अफ्रीका-न्यूजीलैंड दूसरे सेमीफाइनल मैच के बाद होगा. अब देखने वाली बात होगी कि फाइनल में भारत का सामना किसे होता है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में विराट कोहली ने सबसे बड़ी पारी खेली. उन्होंने 98 गेंद पर 84 रन बनाया. वहां श्रेयस अय्यर ने 45 रनों की पारी खेली. जबकि केएल राहुल 34 गेंद पर 42 रन बनाकर नाबाद रहे. हार्दिक पांड्या ने 28, अक्षर पटेल ने 27 और रोहित शर्मा ने 28 रनों का योगदान दिया. इस तरह टीम इंडिया ने 6 विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

# टीम इंडिया के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचते ही रोहित शर्मा के नाम जुड़ा अनोखा रिकॉर्ड

## -बने दुनिया के पहले कप्तान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में जगह बना ली है. सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल टिकट कटाया. इस मैच में बतौर बल्लेबाज रोहित शर्मा कुछ खास नहीं कर सके और सिर्फ 28 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन बतौर कप्तान एक बड़ी उपलब्धि उनके नाम जुड़ गई है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचते ही रोहित शर्मा के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है. दरअसल, रोहित शर्मा दुनिया के ऐसे पहले कप्तान बन गए हैं जिन्होंने डब्ल्यूटीसी फाइनल, वनडे विश्व कप फाइनल, टी 20 विश्व कप फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में कप्तानी की है. इससे पहले ये उपलब्धि किसी और कप्तान के नाम नहीं थी. रोहित पिछले 3 आईसीसी फाइनल में बतौर कप्तान टी 20 विश्व कप 2024 जीतने में सफल रहे थे. डब्ल्यूटीसी 2023 और वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में उन्हें ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर रोहित के पास सौरव गांगुली और एमएस धोनी की बराबरी का मौका है. सौरव गांगुली की कप्तानी में भारत 2002 में संयुक्त विजेता रहा था जबकि 2013 में धोनी की कप्तानी में विजेता रहा था. 2017 में भारत को विराट की कप्तानी में फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे. स्टीव स्मिथ ने सर्वाधिक 73 रन की पारी खेली. इसके अलावा एलेक्स कैरी ने 57 गेंद पर 61 रन की अहम पारी खेली. हेड ने 39, लाबुशेन ने 29 रन बनाए. भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 10 ओवर में 48 रन देकर 3, वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा ने 2-2 और हार्दिक पांड्या-अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिए. भारत ने 48.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 267 रन बनाकर मैच 4 विकेट से जीत लिया।

भारत के लिए विराट कोहली ने 84, श्रेयस अय्यर ने 45, केएल राहुल ने 42, हार्दिक पांड्या-रोहित

# ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेजबाज स्टीव स्मिथ ने लिया सन्यास

## -भारत से सेमीफाइनल हारने के बाद फैसला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त मिलने के बाद ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बैट्समैन स्टीव स्मिथ ने सन्यास ले लिया है. सेमिफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तान संभालने वाले स्मिथ अब वनडे मैच नहीं खेलेंगे. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने बुधवार को इसकी घोषणा की। मंगलवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सेमीफाइनल का मुकाबला हुआ था. ऑस्ट्रेलिया की टीम को भारत ने चार विकेट से मात दी. पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्मिथ टीम की कप्तानी कर रहे थे. भारत से हार मिलने के तुरंत बाद ही स्मिथ ने अपने दोस्तों को बता दिया था कि उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच खेल लिया है। बता दें, स्मिथ टेस्ट मैच खेलते रहेंगे. वहीं, टी 20 इंटरनेशनल में वह लंबे समय से टीम से बाहर ही हैं.। ओडीआई से सन्यास लेने का ऐलान करते हुए स्मिथ ने कहा कि मैंने हर एक पल का लुत्फ उठाया है. बहुत सारे अद्भुत पल और शानदार यादें रहीं हैं। ये शानदार सफर रहा है। दो वर्ल्डकप जीतना एक शानदार उपलब्धि रही है. लंबे सफर में टीम-साथियों ने सफर को साझा किया है. 2027 वर्ल्डकप आने वाला है. तैयारी शुरू करने का ये शानदार मौका है। इसलिए अब मुझे ऐसा लगता है कि सन्यास लेने का ये सही मौका है।

स्टीव स्मिथ ने 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरकर अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया. उन्होंने अपने करियर में 170 वनडे मैच खेले हैं. उन्होंने 5800 रन बनाए हैं। उनका औसत 43.28 तो स्ट्राइक रेट 86.96 का रहा. ओडीआई में उनकी बेस्ट पारी 164 रनों की रही. उन्होंने वनडे में 35 अर्धशतक और 12 शतक लगाए हैं. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में स्मिथ फॉर्म में नहीं हैं. उन्होंने अपनी तीन पारियों में 48.50 की औसत से 97 रन बनाए इस बार 73 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही है।

स्मिथ टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं. उन्होंने टेस्ट में कई रिकॉर्ड बनाएं हैं. 116 टेस्ट की 206 पारियों में उन्होंने 10,271 रन बनाएं हैं. 239 रन की पारी उनकी बेस्ट पारी रही है. उन्होंने 36 शतक और 41 अर्धशतक बनाए हैं. इनमें चार दोहरे शतक भी शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल जीत में फील्डर ऑफ द मैच बने श्रेयस अय्यर

**दुबई,एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पूर्व कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत की जीत में बुलेट की तरह शानदार थ्रो के लिए श्रेयस अय्यर को फील्डर ऑफ द मैच का पदक प्रदान किया। विराट कोहली के वीरतापूर्ण 84 रन के बाद, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल ने दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तनावपूर्ण रन-चेज के बाद भारत को लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया। जब एलेक्स कैरी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल को अपने नाम करने का प्रयास कर रहे थे, तब श्रेयस के प्रभावशाली क्षेत्ररक्षण प्रयास ने भारत को बहुत जरूरी विकेट दिलाने में मदद की। कैरी ने 61 रनों की पारी खेली और ऐसा लग रहा था कि वे ऑस्ट्रेलिया को 275 रनों के पार ले जाएंगे, लेकिन श्रेयस ने डीप से सीधे हिट करके बाएं हाथ के बल्लेबाज को आउट कर दिया और ऑस्ट्रेलिया की गति को रोक दिया। जीत के बाद, भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को संबोधित किया और फील्डिंग में उनके प्रयासों की सराहना की और सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग सम्मान के दावेदारों का खुलासा किया, इससे पहले उन्होंने पूर्व कोच शास्त्री को श्रेयस को पदक प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया। बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में दिलीप ने कहा, नॉकआउट गेम में मौजूदगी और जागरूकता की जरूरत होती है; इसके लिए एक फील्डिंग यूनिट की जरूरत होती है जो प्रतिक्रिया न करे बल्कि ऐसी चीजें बनाए जो हो रही हैं। हमने बिल्कुल यही किया... जिस तरह से हमने फील्डिंग में कोण बनाए, जिस तरह से हमने सुनिश्चित किया कि आउटफील्ड पर कोई दूसरा रन आसानी से न बने।

# रासेयो की पांचों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ

## रासेयो के शिविर समूचे व्यक्तित्व को बदलने का सुअवसरः कैलाश निरंजन




**ललितपुर,ब्यूरो।** राष्टीय सेवा योजना नेहरू महाविद्यालय की पांचों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, नेमवि प्रबंधक प्रदीप चौबे, प्रबंध समिति उपाध्यक्ष विलास पटैरिया, प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इस दौरान रासेयो के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने कहा कि राष्टीय सेवा योजना हमारे छात्र-छात्राओं के लिए अपने समूचे व्यक्तित्व को बदलने एवं बाहरी परिवेश से जुड़ने एवं वहां की समस्याओं को जानने एवं सुनने का सुअवसर है। हमें सात दिवसीय शिविरों में जो हमारे लक्ष्य हैं चाहे स्वच्छता, स्वास्थ्य, कुरीतियों के प्रति शंखनाद, व्यसन जो भी मुद्दे हों उन सभी के निजात के लिए हमें एक स्वस्थ संदेश देना है जिससे हमारे समाज के नागरिक एक स्वस्थ्य वातावरण महसूस कर सकें।

विशिष्ट अतिथि नेमवि प्रबंधक प्रदीप चौबे ने कहा कि राष्टीय सेवा योजना का लक्ष्य त्याग, सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति बनकर सभी छात्र-छात्राओं को अपने समाज और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्टीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य मुझको नहीं तुमको है ये सिद्धान्त वाक्य तुम्हें एवं हम सभी को संदेश देता है कि तुम्हारा सारा जीवन निजी हित व स्वार्थों में तत्पर न रहकर दूसरों के कल्याण और सेवा में समर्पित होना चाहिए। आज समाज में जो ज्वलंत मुद्दे हैं उनके निराकरण के लिए छात्र-छात्राओं को आमजन से विमर्श करके समाधान का रास्ता खोजना है। विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति उपाध्यक्ष विलास पटैरिया ने कहा कि कक्षा, मंच और मैदान के अलावा तुम्हारे जीवन में एक लक्ष्य देश व समाज की सेवा करना भी है। इन शिविरों का आयोजन तुम्हारे जीवन को एक नई दिशा देने का सुनहरा मौका है। प्राचार्य प्रोफे. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से प्रेरित है। ये संस्कृति केवल अपनों के लिए नहीं बल्कि समूचे विश्व की धरा पर रहने वाले सभी प्राणियों के हितों और उनकी समृद्धि के बारे में चिन्तन करती है। इसी भावना को लेकर समूचे भारत में राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर छात्र-छात्राओं को इस दिशा में बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

विद्यार्थी शिविरों के माध्यम से अपने रचनात्मक कौशल का परिचय देकर समाज को समस्याओं से निजात दिलाकर एवं स्वयं में बदलाव कर एक आदर्श नागरिक की दिशा में अग्रसर होना है। इस अवसर पर छात्रा वैष्णवी, राधा, मेघना मालवीय, नैनसी पाटकर, वर्षा राजा ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम डा.सुधाकर उपाध्याय, कार्यक्रम अधिकारी इकाई द्वितीय डा.वर्षा साहू, कार्यक्रम अधिकारी इकाई तृतीय जितेन्द्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी इकाई चतुर्थ डा.राजीव निरंजन, कार्यक्रम अधिकारी इकाई पंचम अनीता सहित डा.बलराम द्विवेदी, डा.सुभाष जैन, फहीम बख्श, कमलेश प्रजापति, अनिल कुमार, रामसेवक आदि उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने किया एवं रासेयो कोर्डीनेटर डा.ओ.पी. चैधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# साइबर क्राइम थाने का एसपी ने किया निरीक्षण




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बुधवार को अपराह्न साइबर क्राइम थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिस लाईन्स के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निर्माणकार्य पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान कार्यालय, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना आदि का निरीक्षण कर कार्यालय को स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। साइबर क्राइम थाने में लम्वित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। एसपी द्वारा कार्यालय में चलने वाली कम्प्टरीकृत जीडी का निरीक्षण किया गया व पुलिस बल की समस्याओं को सुना गया। साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण व रजिस्टरों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया। साइबर सेल का निरीक्षण कर आनलाइन पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। साइबर अपराधों से बचाव हेतु लगातार अभियान चलाकर स्कूलों, विद्यालयों में जाकर बच्चों व लोगों को जागरूक करने हेतु साइबर थाना प्रभारी को निर्देशित किया। तत्पश्चात पुलिस लाईन्स के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों को मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

# ललितपुर सेवा ग्रुप ने घण्टाघर पर सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

## विगत दिनों उपचार न मिलने से हुयी थी गर्भवती महिला की मौत

**ललितपुर।** नगर की प्रसिद्ध स्वयंसेवी संस्था ललितपुर सेवा ग्रुप द्वारा नगर के मध्य स्थित घंटाघर स्थल पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मृतक महिला को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिनकी दुखद मृत्यु मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के अभाव और डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हो गई थी। सभा में उपस्थित लोगों ने मृतक महिला के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और न्याय की मांग की। लोगों ने आरोप लगाया कि अगर अस्पताल में सही इलाज और डॉक्टरों की तत्परता होती तो प्रसूता की जान बचाई जा सकती थी। ललितपुर सेवा ग्रुप ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समारोह में कई समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों ने अपनी बात रखी और इस घटना को अस्पतालों में सुधार की आवश्यकता के रूप में देखा। उपस्थित लोगों ने न्याय के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया और इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाने का निर्णय लिया। ललितपुर सेवा ग्रुप ने इस श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से ना सिर्फ प्रसूता के परिवार के साथ अपनी एकजुटता जताई, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता को भी उजागर किया। वी-5 जिलाध्यक्ष विजय डयोढिया ने कहा की हम परिवार के साथ है और उसे न्याय दिलाएंगे। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल लोधी एड. ने कहा कि मेडिकल कॉलेज मे फैले भ्रष्टाचार को दूर करना होगा, जिससे आम आदमी अपना इलाज करा सके। ललितपुर सेवा ग्रुप के अध्यक्ष अंकुर जैन सानू बाबा ने कहा की की प्रसूता की मौत की मजिस्ट्रीयल जांच कराई जाए जिससे कि सच सामने आए। मेडिकल कॉलेज में अवस्थाएं बहुत पहले से फैली हुई है। अगर उन्हें समय रहते ठीक किया गया होता तो आज मालती सोनी जिन्दा होती। इसके अलावा, अनूप ताम्रकार, अजय साईकिल, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा, मज्जू सोनी, प्रीतम विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, अजय प्रताप सिंह तोमर, सत्येंद्र विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा, मनीष झा, संतोष सोनी, जगदीश झा, विकास सोनी, रज्जनलाल झा, गौरव विश्वकर्मा, विकास झा, अजय, कृष्णकांत सोनी, कमल विश्वकर्मा, रमेश झा, संतोष सोनी, डा.दीपक पस्तोर, अजय सोनी, अनुज सोनी, अनूप राठौर, प्रेम गुप्ता, हरीबाबू शर्मा, रोहित मिश्रा, अंकित मोनू, विजय पाल सिंह, अभिषेक सक्सेना, दिग्विजय सिंह, संजय कुर्मी, रामकुमार कुशवाहा, संदीप यादव, अभिषेक सोनी, भरत पटेल, लखन पटेल, वासु जैन, मनोज वैद्य, शिवम अग्निहोत्री, रोहित मिश्रा, आशीष दुबे, राज उपाध्याय, संजय यादव, रामकुमार कुशवाहा, चंद्रदीप यादव, योगेश पटैरिया, अमित लिटोरिया के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय राखपंचमपुर मेले की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक

## अधिकारियों को पूर्व से मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाए दुरुस्त कराने के निर्देश



**ललितपुर,ब्यूरो।** सिद्धक्षेत्र राखपंचमपुर में श्रीश्री 1008 सिद्धबाबा मंदिर पर दिनांक 18 मार्च से 23 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाले 05 दिवसीय वार्षिक मेले के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालू आते हैं, इसलिए किसी भी व्यवस्था में चूक नहीं होनी चाहिए, अधिकारी पूर्व से ही मेला स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें और कमियों को दूर कराएं। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी मेले की भव्यता को ध्यान में रखते हुए पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों की पूर्ति करें, मेंले में साफ-सफाई हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व जिला पंयायत राज अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों की टीम बनाकर मेला परिसर में दो शिफ्टों में सफाई करायी जाये। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस 24 घण्टे तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को निर्देश दिये कि मेला अवधि में अस्थायी पुलिस चौकी, पुलिस बल, फायर ब्रिगेड यूनिट तैनात की जाएं। जल संस्थान द्वारा पेयजल हेतु पर्याप्त पानी के टैंकर उपलब्ध रखें, वाहन व्यवस्था हेतु परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में अवगत कराया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राखपंचमपुर में श्री श्री 1008 सिद्धबाबा मंदिर पर 18 मार्च से 23 मार्च तक 05 दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाना है। इस मेले में दूर-दूर से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। राखपंचमपुर मेले की इस जनपद में अत्यधिक महत्ता है। रंगपंचमी के दिन इस स्थान पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ एकत्र होती है। मेले के दौरान विभिन्न दुकानदारों द्वारा अपनी-अपनी दुकाने लगायी जाती हैं। उक्त तिथियों में आयोजित होने वाले मेले के आयोजन से सम्बंधित व्यवस्थाओं की तैयारी हेतु आज यह बैठक आयोजित की जा रही है।

बताया गया कि श्रद्धालुओं की भीड़ व्यवस्थित करने के लिए मेले के दौरान एक कक्ष में कन्ट्रोल रुम बनाया जाता है। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, तहसीलदार सदर, अधिशासी अभियंता विद्युत राहुल सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा, नगर पालिका, पंचायती राज, पुलिस, अग्निशम विभाग एवं ग्राम प्रधान राखपंचमपुर सहित मेला समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रंगों की बयार में सजेगा छत्तीसगढ़ी सिनेमा का होली मिलन समारोह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत की रंगीन शाम का उल्लास, संगीत की धुनों पर थिरकते कदम और गुलाल में घुली खुशियों की सौगात-'रंग सरोवर' होली मिलन समारोह एक भव्य और यादगार आयोजन बनने जा रहा है। छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों की मौजूदगी इस कार्यक्रम को और भी खास बनाएगी, जहां कला और संस्कृति के रंगों में सराबोर होकर कलाकार होली का आनंद लेंगे। रविवार को आर्टिस्टिको एंटरटेनमेंट कैंपस, विशाल नगर में बैठक आयोजित कर यह तय किया गया कि 11 मार्च को संध्या 4:00 बजे से यह भव्य आयोजन सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो, ग्राम जोरा में आयोजित किया जाएगा। यह न केवल रंगों के त्योहार को मनाने का अवसर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ी सिने प्रेमियों के लिए भी एक सुनहरा अवसर होगा, जहां वे अपने पसंदीदा सितारों को करीब से देख सकेंगे। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के तमाम बड़े कलाकार, निर्देशक और निर्माता एक मंच पर होंगे। कार्यक्रम में फिल्मी परिवार के सभी विधाओं के सदस्य एक छत के नीचे नाचते-गाते, गुलाल उड़ाते और फूलों की होली खेलते नजर आएंगे। रंगों के इस उल्लास में संगीत, नृत्य और मनोरंजन की झलकियां तो होंगी ही, साथ ही पारंपरिक और लजीज व्यंजनों का आनंद भी लिया जा सकेगा। आयोजन समिति की बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत संतोष जैन (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सिने एंड टीवी प्रोड्यूसर एसोसिएशन), राजीव श्रीवास्तव (पूर्व डीजीपी आईपीएस, पूर्व खेल संचालक, पूर्व संस्कृति संचालक), संरक्षक योगेश अग्रवाल (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्रीज एसोसिएशन), एन. माही फिल्म के चेयरमैन मोहित साहू, वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अजय सहाय, सुभाषिनी जॉर्ज, नितेंद्र सिन्हा, दिनेश साहू, अरुण बागड़े, राजू नायक, राजा बरमाल, मज्जू भाई, इमरान खान और दिलीप नामपल्लीवार सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

# लाभार्थियों को अधिक से अधिक करें ऋण वितरण

**ललितपुर।** जनपद के विकास और योजनाओं एंव सीडी रेश्यो को आगे बड़ाने के लिए विभिन्न स्तर पर ऋण वितरण योजना चलाई जा रही है। वित्तीय वर्ष में अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष 85.14 प्रतिशत 2081.89 करोड़ रुपये ऋण वितरित किया जा चुका है। मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने समीक्षा कर जनपद के विकास के लिए फसली व औद्योगिक ऋण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के अधिक से अधिक ऋण वितरण करने के लिए सभी बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट सभागार में ऋण वितरण योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभागों को ऋण वितरण करना होगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओ की समीक्षा भी की जिसमे किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, प्राथमिकता क्षेत्र मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित सभी को योजनाओं की प्रगति पर जोर देने के लिए निर्देशित किया, साथ ही बैंकर्स को स्वयं सहायता समूह क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री युवा ऋण स्वीकृति के लंबित आवेदन को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय नगर पंचायत कुरावली, मैनपुरी

पत्रांक–0846/न0पं0कुरा0/2024–25 दिनांक–05.03.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्म/एन0जी0ओ0 को सूचित किया जाता है, नगर पंचायत कुरावली, जनपद मैनपुरी द्वारा एक वर्ष के लिये डो–टू–डोर कूडा कलेक्शन, कूडे का पृथक्कीकरण कम्पोसिट वेस्ट मेनेजमेन्ट कार्य जो फर्म/एन0जी0ओ0 कार्य करना चाहती हो उनकी निविदा दर आमंत्रित की जाती है, सीलबन्द निविदायें दिनांक 06.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 17.03.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 17.03.2025 अपरान्ह 04:00 बजे नगर पंचायत कार्यालय में समस्त निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा प्रपत्रो की बिक्री दिनॉक 06.03.2025 से कार्यालय नगर पंचायत कुरावली में की जायेगी। अन्य सम्बधित जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पंचायत कुरावली से प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्तें–**

1. निविदा के साथ पूरे नगर के अन्दर S.W.M. अधिनियम 2016 के अनुसार डोर–टू–डोर सूखा व गीला कूडा कलेक्शन करने, स्त्रोत स्तर पर कूडा का सेग्रीगेशन करने एवं समस्त कूडे का निस्तारण करने हेतु सर्वे के साथ–साथ कार्य योजना भी प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा के अन्तर्गत पूरे नगर में अनुमानित 5000 मकानों/व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से गीला व सूखा कूडा अलग–2 उठाना होगा।
3. डो–टू–डोर व्यवस्था में उपयोंग में आने वाले वाहनों एवं उपकरणों की व्यवस्था निकाय द्वारा की जायेगी एवं उसकी मरम्मत का निविदा दाता को वहन करना होगा।
4. डारे–टू–डोर कलेक्शन के उपरान्त एकत्र कूडे के पृथक्करण के लिये आवश्यक M.R.F. Centre एवं उपयोगी ढांचे गीले कूडे की कम्पोस्टिंग हेतु आधारभूत सुविधा की व्यवस्था निकाय द्वारा की जायेगी और प्रतिमाह संचालन व्यय की व्यवस्था निविदादाता को वहन करना होगा।
5. कचरे की भौतिक एवं रासायनिक विशेषता बतानी होगी।
6. नगर की भौगोलिक विशेषता का अध्ययन करके घर–घर से कचरा प्रबन्धन की उचित व्यवस्था बनानी होगी।
7. कूडे की सेग्रिगेशन की ड्राइंग व डिजाइन बतानी होगी।
8. कचरा प्रबन्धन सम्बन्धी अन्य आवश्यक सूचना कार्ययोजना प्रस्तुत करनी होगी।
9. कचरा प्रबन्धन में होने वाले व्यय व बजट का विवरण देना होगा।
10. घर–घर से गीले व सूखे कूडे को अलग–2 उठाना एवं अलग–2 ठेलियों/वाहनों से चयनित निस्तारण स्थल तक ले जाना होगा।
11. ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन अधिनियम 2016 के अनुपालन हेतु शपथपत्र देना होगा।
12. एन0जी0ओ0/शासन से निर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन संबंधित शासनदेश/नियमों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
13. समस्त कर स्वीकृत निविदादाता द्वारा देय होगा।
14. शहर से निकलने वाले वेस्ट का प्रोसेसिंग होगा बाद में मिलने वाले लाभांश में नगर पंचायत को मिलने वाले लाभांश का भी उल्लेख करना होगा, और नगर पंचायत को अधिक अंशदान देने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी।
15. कार्य संतोषजनक न होने की दशा में निविदा समाप्त करने का अधिकार निकाय में निहित होगा।
16. सम्बन्धित फर्म को सामान्य कार्य 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
17. कार्य सन्तोषजनक होने पर दिये गये निर्धारित समय विस्तार करने हेतु विचार किया जायेगा।

(अवनीश गंगवार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुरावली
मैनपुरी

(धर्मेन्द्र वर्मा)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुरावली
मैनपुरी



## कार्यालय नगर पंचायत घिरोर,मैनपुरी

पत्रांकः 491/न0पं0घि0/नि0सू0/2024–25 दिनांक– 01/03/2025

**"अल्पकालीन निविदा सूचना"**

नगर पंचायत घिरोर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य वित्त आयोग/टाउन फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्यों हेतु निविदायें दिनांक 17.03.2025 को सायं 2 बजे आमंत्रित की जाती हैं। जो कि दिनांक 17.03.2025 को सांय 3 बजें निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.03.2025 तक विकी कार्यदिवस में नगद भुगतान पर कार्यालय नगर पंचायत घिरोर से की जायेगी। अन्य सम्बधित जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पंचायत घिरोर से प्राप्त की जा सकती है।

| क0 | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत घिरोर के अध्यक्ष कक्ष 13 X 18 व0मी0 में पी0वी0सी0 वॉल सिलिंग व फॉलसीलिंग व मीटिंग हॉल 13 X 23 व0मी0 में पी0वी0सी0 वॉल सिलिंग, फॉलसीलिंग अधिष्ठापन कार्य। | 3,49,685.00 | 600.00 | 15 दिन |
| 2 | वार्ड नं0 10 में आजाद के मकान से महेश के मकान तक पी0सी0सी0 रोड़ व आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 5,96,252.00 | 1200.00 | 15 दिन |

**अन्य शर्तें–**

01. बिना कारण बताये निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
02. कार्यादेश के साथ अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
03. निविदा में ओवर राइटिंग व कटिंग नहीं होगी।
04. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत घिरोर को सुरक्षित होगा।
05. डिफाल्टर/ब्लैक लिस्टेड अथवा नोटिस प्राप्त फर्मो/ठेकेदार निविदा डालने हेतु स्वीकृत नही होगें।
06. नगर विकास अनुभाग–8 द्वारा दिनांक 27 मार्च 2018 को जारी शासनादेश सं0 818/नौ–8–2018–96ज/2015 तथा नगर विकास अनुभाग–9 द्वारा दिनांक 30 जून 2021 को जारी शासनादेश सं0–1319/नौ–9– 21–45ज/21 का अनुपालन अनिवार्य होगा।
07. ऑकलन में दिये गये मानकों के अनुसार कार्य न कराये जाने पर भुगतान की जिम्मेदारी नगर पंचायत घिरोर की नही होगी।
08. उपरोक्त के अतिरिक्त यदि अन्य कोई जानकारी करनी है तो नगर पंचायत घिरोर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में की जा सकती है।
09. निविदा शासन प्रशासन या न्यायालयों के आदेशों के अनुपालन में कभी भी निरस्त की जा सकती है।
10. बिलो निविदा पर शासनादेशानुसार परफार्मेन्स गारण्टी जमा करनी आवश्यक है, यह भी नियमानुसार अवमुक्त की जायेगी।
11. निविदा प्रपत्र शुल्क के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नकद/एन.एस.सी. एफ.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी के पदनाम बंधक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। अवशेष धनराशि निविदा स्वीकृत के उपरान्त जमा करना होगा, जो कि कार्य समाप्ति के पश्चात से 05 वर्ष के उपरांत अवर अभियंता द्वारा कार्य की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर ही नियमानुसार अवमुक्त की जायेगी ।
12. निविदा स्वीकृति के उपरान्त निकाय में पजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत घिरोर, मैनपुरी

अध्यक्ष
नगर पंचायत घिरोर, मैनपुरी

# ग्वालियर में 22 से 29 मार्च तक लगेगा पुस्तक मेला

## स्कूली बच्चों को सस्ते दर पर किताबें, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म दिलाने के लिए, लगाया जा रहा है यह मेला, ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में होगा पुस्तक मेले का आयोजन, कलेक्टर श्रीमती चौहान ने प्रकाशकों, स्कूल संचालकों और प्राचार्यों के साथ की बैठक

**ग्वालियर।** स्कूली बच्चों को सस्ती दर पर किताबें, यूनीफॉर्म व स्टेशनरी उपलब्ध कराने के लिये ग्वालियर में सात दिवसीय पुस्तक मेला (बुक फेयर) लगाया जायेगा। यह बुक फेयर इसी माह 22 से 29 मार्च तक ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में लगेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सभी निजी स्कूलों के प्राचार्यों व संचालकों को अपने-अपने स्कूल के नोटिस बोर्ड पर पाठ्यक्रम मे शामिल पुस्तकों की जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं साथ ही यह जानकारी विद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड करने के लिए भी कहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कोई भी स्कूल पुस्तक मेला से पहले बच्चों को किताबें खरीदकर स्कूल लाने के लिये बाध्य नहीं कर सकेगा। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर मेला परिसर में लगने जा रहे सात दिवसीय पुस्तक मेले में सीबीएसई, आईएसई एवं एमपी बोर्ड से संबंध सभी निजी स्कूलों के पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तकें व यूनीफॉर्म उपलब्ध रहेंगी। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों व उनके अभिभावकों के हित को ध्यान में रखकर लिए गए पुस्तक मेला लगाने के निर्णय का पुस्तक प्रकाशकों (पब्लिशर्स) व डीलर्स ने स्वागत किया है। वेंडर्स यानि पुस्तक विक्रेताओं द्वारा पुस्तक मेला मे किताबें, स्टेशनरी व ड्रेस खरीदने वाले अभिभावकों को विशष छूट दी जायेगी। पुस्तक मेला लगने से अनाधिकृत प्रिंटिंग कर पुस्तक बेचने की प्रवृत्ति पर भी प्रभावी रोक लगेगी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बुधवार को नगर निगम के बाल भवन में प्रकाशकों, स्कूल संचालकों और प्राचार्यों के साथ बैठक कर पुस्तक मेले की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्रों और अभिभावकों को पुस्तक मेले में स्कूल की किताबों के साथ-साथ अन्य सामग्री भी उपलब्ध हो। इसी उद्देश्य से पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में



अभिभावकों को स्कूली पुस्तकें एवं अन्य सामग्री पर छूट भी प्राप्त हो, इसमें स्कूल संचालकों, प्रकाशकों और विक्रेताओं का सहयोग अपेक्षित है। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि सीबीएसई, आईसीएसई द्वारा निर्धारित पुस्तकों का ही उपयोग स्कूलों में हो, अनावश्यक रूप से अन्य प्रकाशित पुस्तकों का उपयोग न कराया जाए। सभी निजी स्कूल अपने-अपने विद्यालय में बुक बैंक भी बनाएं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जरूरतमंद बच्चों को बुक बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएं। ऐसे स्कूली विद्यार्थी जो अपनी पिछली कक्षा की किताबें दान करना चाहते हैं वे बुक बैंक में अपनी किताबें जमा कर दें, जिससे जरूरतमंदों को किताबें उपलब्ध कराई जा सकें।

**हैल्पलाइन नंबर जारी**

पुस्तक विक्रेताओं एवं स्कूली बच्चों व उनके अभिभावकों की मदद के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से हैल्पलाईन नंबर भी जारी कराया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक जिला समन्वयक श्री लाखन सिंह (मोबा.8817478271) से संपर्क कर पुस्तक मेला के संबंध मे जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। साथ ही पुस्तक मेला के संबंधित समस्याएं भी दर्ज कराई जा सकेंगी।

**बैठक में यह भी रहे उपस्थित**

पुस्तक मेले के लिये निजी विद्यालयों के प्राचार्य, संचालकगण एवं प्रकाशकों के साथ हुई बैठक में अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, एडीएम श्री टी एन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अशोक चौहान, श्री अतुल सिंह, श्री विनोद सिंह, श्री नरेन्द्र बाबू यादव, श्री संजीव जैन, श्री नरेशचंद गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# परम्परागत कृषि विकास योजना एवं नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग विषय पर संभाग स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**ग्वालियर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजना एवं नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग कार्यक्रम में क्रियान्वयन की प्रगति, समीक्षा, पारस्परिक शिक्षण और प्रशिक्षण, श्रेष्ठ गतिविधि तथा उसके सफल क्रियान्वयन की रणनीति के लिए जिला ग्वालियर, शिवपुरी, मुरैना, टीकमगढ एवं निवाडी के कृषि अधिकारियों, इम्पेनल्ड सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी के अधिकारियों-कर्मचारियों, लीड रिसोर्स फार्मर एवं सी.एस.ओ. के 150 प्रतिभागियों के साथ बुधवार को संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कृषि महाविद्यालय ग्वालियर परिसर के ÷सेंटर फॉर एग्री बिजनिस इन्क्यूवेशन एण्ड इंटरप्रीयन्योरशिप÷ हॉल में किया गया। निदेशक विस्तार सेवाएँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ग्वालियर संभाग ग्वालियर द्वारा की गई। कार्यशाला में उपस्थित सभी जिलों के



इम्पेनल्ड सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी के अधिकारियों द्वारा अपने क्लस्टरों के संबंध में पॉवर पॉइंट प्रेजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन द्वारा कृषकों को जैविक तथा प्राकृतिक खेती के विभिन्न पहलुओं को वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला में विस्तृत समूह चर्चा की गई, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं तथा स्थानीय स्तर पर जैविक तथा प्राकृतिक खेती के संबंध में आने वाली कठिनाओं के समाधान प्रस्तुत किये गये ।

# सम्पत्तिकर जमा नहीं करने पर पीएनसी कंपनी एवं श्रीनारायण फिलिंग स्टेशन शील्ड

**ग्वालियर।** सम्पत्तिर जमा नहीं करने पर सडक निर्माण कम्पनी (पीएनसी) एवं श्री श्री नारायण फिलिंग स्टेशन शिवपुरी लिंक रोड को सील्ड (तालाबंदी की गयी) करने की कार्यवाही नगर निगम के अधिकारियों द्वारा की गई। उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार सम्पत्तिकर जमा न करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज वार्ड-59 में स्थित सडक निर्माण कम्पनी (पीएनसी) पर सम्पत्तिकर रूपये 40 लाख से अधिक सम्पत्तिकर बकाया होने पर कम्पनी के ऑफिस को सील्ड किया गया। इसके पूर्व में रोड निर्माण कम्पनी (पीएनसी) को नगर पालिक निगम अधिनियम 173 एवं 174 के नोटिस जारी किये गये थे, किन्तु कम्पनी ने सम्पत्तिकर का भुगतान नहीं किया। इसी क्रम में श्री नारायण फिलिंग स्टेशन शिवपुरी लिंक रोड स्थित सम्पत्ति वार्ड 59 में सम्पत्तिकर राशि 260000 रूपये से अधिक बकाया होने पर सील्ड (तालाबंदी) की गयी, तालाबंदी से घबडाकर सम्पत्ति स्वामी द्वारा 189756 रूपये का चैक के माध्यम भुगतान किया गया एवं शेष राशि इसी माह के तीसरे सप्ताह में देने का वचन दिया गया है। इसके साथ ही आईआईटीटीएम महाविद्यालय गोविन्दपुरी यूनिवर्सिटी रोड सेवा प्रभार शुल्क रूपये 212 लाख के भुगतान हेतु डायरेक्टर से चर्चा की गयी, डायरेक्टर ने स्वयं दिल्ली पहुँच कर इसी सप्ताह फंड (राशि) लाकर सेवा प्रभार शुल्क का भुगतान किये जाने का आश्वसन दिया गया है। स्मरण हो कि सेवा प्रभार का भुगतान न होने से नम्बवर 2024 के अंतिम सप्ताह में आईआईटीटीएम का सभागार सील्ड किया गया था, डायरेक्टर को यह भी बताया गया कि भुगतान न होने की स्थिति में नगर पालिक निगम अधिनियम धारा 175 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही के लिये निगम स्वतंत्र होगा। आयुक्त महोदय द्वारा सभी बडे बकायादरों से यह आग्रह किया गया, कि सभी कर दाताओं (राज्य,केन्द्र शासन की सम्पत्तिया) सम्पत्तिकर, सेवा-प्रभार, सर्विस चार्ज की राशि शहर के विकास हेतु नगर निगम ग्वालियर कोष में जमा करावे, न कराये जाने की स्थिति में नगर निगम ग्वालियर आपकी सम्पत्ति के विरूद्ध वैधानिक (तालाबन्दी) की जायेगी। कार्यवाही के दौरान ए.पीटी.ओ. श्री महेन्द्र शर्मा, कर संग्रहक श्री दीपक सोनी, श्री विष्णु श्विहरे व मदाखलत निरीक्षक श्रीकांत सेन आदि उपस्थित रहे।

# सात और शक्ति दीदियों ने पेट्रोल पम्पों पर संभाला फ्यूल डिलेवरी वर्कर का मोर्चा

## अब तक 29 जरूरतमंद महिलायें बन चुकी हैं 'शक्ति दीदी, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 'शक्ति दीदी' के रूप में जिला प्रशासन ने की है यह पहल

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले की जरूरतमंद महिलायें अब घर की देहलीज से बाहर आकर आत्मनिर्भरता की इबारत लिख रही हैं। जिला प्रशासन व पुलिस ने इन महिलाओं का हौंसला बढ़ाया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में ÷शक्ति दीदी÷ के नाम से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा यह प्रेरणादायी पहल की गई है। इस पहल के तहत बुधवार को शहर के 4 और व्यस्ततम पेट्रोल पंप पर 7 महिलाओं ने 'शक्ति दीदी' के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर का मोर्चा संभाला। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्नद्धश्ष जय बालाजी फ्यूल्स वार्ड-1 घाटमपुर नगर भितरवार पर सुश्री मुस्कान साहू व सुश्री करिश्मा रावत एवं श्रीराम फिलिंग स्टेशन वार्ड-8 न्यू डबरा बायपास डबरा पर सुश्री कशिश साहू को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी। इसी तरह मोतीझील ऑटो सर्विस मोतीझील पर संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन ने सुश्री संगीता शाक्य को तथा परसेडिया फिलिंग स्टेशन निरावली रायरू पर एसडीएम श्री अतुल सिंह ने सुश्री रचना व सुश्री संगीता रावत को ÷शक्ति दीदी÷ के तहत फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जय बालाजी पेट्रोल पंप भितरवार एवं श्रीराम फिलिंग स्टेशन डबरा बाइपास पहुँचकर शक्ति दीदियों का हौसला अफ़जाई किया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में व्यस्ततम पेट्रोल पंपों पर महिलाओं को शक्ति दीदी के रूप में तैनात कर उन्हें रोजगार से जोड़ा गया है। सभी बहनें पूरी निष्ठा और लगन के साथ अपने कार्यों को अंजाम दें ताकि वे भी दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर अपने जीवन को और बेहतर बना सकें। इस मौके पर भितरवार नगर परिषद के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण, एसडीएम भितरवार श्री डी एन सिंह, एसडीओपी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके साथ ही डबरा में एसडीएम श्री दिव्यांशु चौधरी, एसडीओपी पुलिस, विभागीय अधिकारी पेट्रोल पंप संचालक मंडल के सदस्यगण एवं नागरिकगण उपस्थित थे।




# कलर कोडिंग का उल्लंघन करने पर 17 ई-रिक्शा जब्त

## कलर कोडिंग का पालन कर यातायात को बेहतर बनाने में करें सहयोग : कलेक्टर



**ग्वालियर।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर शहर के ई-रिक्शा को कलर कोडिंग के माध्यम से समय निर्धारित कर संचालन करने की व्यवस्था की गई है। इसके बेहतर परिणाम भी सामने आए हैं। ग्वालियर शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में ई-रिक्शा की कोडिंग से यातायात में सुधार हुआ है और आम जनों ने भी इसे महसूस किया है। कलर कोडिंग ई-रिक्शाओं का संचालन सख्ती से हो, इसके दिशा-निर्देश यातायात पुलिस को भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने यातायात पुलिस को नियमित चैकिंग कर ई-रिक्शा कलर कोडिंग कर पालन कराने को कहा है। शहर के कुछ ई-रिक्शा संचालकों द्वारा कलर कोडिंग का पालन न करने पर यातायात पुलिस द्वारा सघन चैकिंग के दौरान 17 ई-रिक्शाओं को नियम का उल्लंघन करने पर जब्त करने की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी ई-रिक्शा चालकों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा की गई कलर कोडिंग व्यवस्था में सहयोग करें और यातायात को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन न करने पर यातायात पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# थाना मुरार पुलिस ने पैसे देने से मना करने पर मारपीट करनेवाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 03.03.2025 को फरियादी लालेश बघेल निवासी ग्राम कांकर थाना सीहौर जिला शिवपुरी हाल मोहनपुर रोड़ हुरावली थाना सिरौल जिला ग्वालियर ने थाना मुरार में रिपोर्ट लेख कराई कि वह जच्चा खाना मुरार में पार्किंग स्टेण्ड पर काम करता है। दिनांक 03.03. 2025 की रात्री करीबन 02.30 बजे मैं जच्चा खाना मुरार में पार्किंग स्टेण्ड पर था तभी जच्चा खाने के गेट के सामने रोड़ पर काले रंग की कार आकर रुकी और उसमें से मेरी पहचान का एक लड़का निवासी महलगांव अपने अन्य 03 लोगों के साथ उतरकर मेरे पास आये और महलगांव निवासी लड़का मुझसे शराब पीने के लिये 500 रुपये मांगने लगा। मैंने रुपये देने से मना किया तो वह लोग मुझे गालियां देने लगे गाली देने से मना किया तो उन लोगों ने मुझे धक्का देकर जमीन पर पटक दिया और लात घूसों से मेरी मारपीट कर दी, जिससे मुझे सिर में चोट होकर खून निकलने लगा, फिर महलगांव निवासी लड़का व उसके साथ के तीनों लोग मुझे कार में बैठाकर आरोग्य धाम हॉस्पीटल सिटी सेन्टर लेकर गये जहां पर मेरी मल्हम पट्टी करायी उसके बाद मुझे चौहान प्याऊ थाटीपुर पर छोड़ दिया और जाते वक्त कह रहे थे कि यदि तू थाने पर रिपोर्ट करने गया तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मुरार में अप0क्र0-99/25 धारा 119(1),127(2),296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर को थाना मुरार पुलिस की टीम से उक्त प्रकरण के आरोपियों को पकड़ने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी मुरार श्री राजीव जंगले के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय द्वारा थाना बल की एक टीम को उक्त प्रकरण के आरोपियों को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम को दिनांक 04.03.2025 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण के दो आरोपी शहीद गेट के पास किसी के इन्तजार में खड़े हैं। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम ने शहीद गेट के पास जाकर देखा तो मुखबिर के बताये हुलिये के दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े दिखे, जिन्होने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये संदिग्धों से नाम पता पूछने पर उन्होने स्वयं को महलगांव जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पकड़े गये दोनों व्यक्तियों से थाना मुरार के अपराध सदर में पूछताछ की गई तो उनके द्वारा अपराध करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त दोनों आरोपियों को थाना मुरार के अप0क्र0-99/25 धारा 119(1),127(2),296,115(2),351(3),3(5) बीएनएस के प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# शनि मेला के लिये सौंपे गये दायित्वों को अधिकारी प्राथमिकता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें-कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में शनिश्चरी अमावस्या पर लगने वाले मेले पर व्यवस्था के संबंध में बैठक संपन्न

**मुरैना,कांस।** ऐंती पर्वत शनि मंदिर पर शनिचरी अमावस्या के दिन 28 एवं 29 मार्च को मेले का आयोजन होना है। इस अवसर पर प्रदेश के अन्य जिलों से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध हो एवं सड़क, विद्युत, पानी की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे। अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे हैं वे समय सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने बुधवार को बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि मेले में शनिचरा मंदिर से लेकर शनि पहाड़ी तक सभी आवागमन रास्तों पर सड़क, पानी और प्रकाश के पुख्ता इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि जिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी की ड्यूटी लगी है, वे अपने ड्यूटी स्थल पर पहचान पत्र लगाकर रहें। मेले की अवधि के दौरान प्रत्येक कर्मचारी का नाम और मोबाईल नंबर तथा ड्यूटी कहां लगी है, उसकी सूची मेला कंट्रोल रूम पर उपलब्ध रहनी चाहिये। उन्होंने कहा कि इस बार शनिचरी अमावस्या 28, 29 मार्च को पड़ रही है इसलिये गर्मी भी रहेगी। निर्धारित पॉइन्ट पर ठण्डा पानी उपलब्ध रहे, इसके लिये पीएचयू विभाग जनपद सीईओ और दुग्ध संघ के सहयोग से पर्याप्त पानी की व्यवस्था करें, जनपद सीईओ के माध्यम से 35 टेंकर से पानी की सप्लाई करें। यह सुनिश्चित करें कि टेंकर रिफिल कहा से होंगे उस पॉइन्ट का भी पहले से अवलोकन कर लिया जाये।इसके साथ ही कलेक्टर ने निर्देश दिये कि शनि मंदिर परिसर में जितने भी मोटर, पाइपलाइन लगी हुई हैं, उनको एक बार दुरूस्त करायें। कलेक्टर ने कहा कि शनि मंदिर पर आस-पास की झाड़ियों वाले जंगल में पुलिस पेट्रोलिंग कराये। ऑवरलोड वाहनों को दो दिन पहले बंद करावें। पत्थर के ट्रेक्टर स्पष्ट रूप से पूर्णतः बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रवेश द्वारा पर ड्रोप गेट लगायें। बस स्टेण्ड के अलावा पार्किंग एवं अन्य मेला परिसर में प्रवेश करने वाले पॉइन्ट पर चेकिंग लगी होनी चाहिये। बस, ट्रेक्टर, ट्रोली, कार, जीप, स्कूटर, मोटरसायकिल आदि के लिये पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिये। कलेक्टर ने कहा कि मेला अवधि के दौरान नेटवर्किंग उपलब्ध रहे इसके लिये एसडीएम मुरैना उनके साथ बैठक करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अस्थाई अस्पताल बनायें जहां पलंग से लेकर डॉक्टर्स, स्टाफ नर्स, एम्बुलेंस, दवाईया उपलब्ध रहें। मेला अवधि के दौरान बनने वाले भोजन एवं हाथ ठेलों पर खाद्य विभाग की टीम सर्चिंग करे।



# राष्ट्रीय स्तर पर मुरैना का नाम रोशन, मुरैना के देवेश शर्मा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए चयनित

**मुरैना,कांस।** जिले के युवा देवेश शर्मा पुत्र छोटेलाल शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए वर्ष 2021-22 के राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देशभर के उन चुनिंदा युवाओं को दिया जाता है, जिन्होंने सामाजिक सेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान और नवाचार जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। देवेश शर्मा ने पिछले कई वर्षों से समाज,साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, पर्यावरण जागरूकता और जनजातीय एवं लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए पहल की हैं।

**समाजसेवियों और प्रशासन ने दी शुभकामनाएँ**

देवेश शर्मा के चयन की खबर से जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी। देवेश शर्मा ने इस सम्मान के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए और अधिक ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उनकी इस उपलब्धि पर जिलेवासियों ने हर्ष व्यक्त किया और इसे मुरैना के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

**शहर के गोपालपुरा निवासी हैं देवेश**

देवेश शर्मा शहर के गोपालपुरा के निवासी हैं। उनके पिता श्री छोटेलाल शर्मा जो आयुष विभाग के कर्मचारी हैं। तथा पोरसा के मानपुर में पदस्थ हैं। युवा पुरस्कार के लिए देवेश का चयन होते ही उनके परिवार एवं मोहल्ले में खुशी की लहर है।

# जिला चिकित्सालय में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया



**मुरैना,कांस।** जिला चिकित्सालय मुरैना के ओपीडी में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नाक, कान, गला, विषेशज्ञ डॉ. महेश शर्मा ने मरीजों की जांच परीक्षण कर दवा दी।श्रवण दिवस की थीम शोर से उत्पन्न ध्वनि के उभरते मुद्दे और रोकथाम पर ध्यानाकर्षण करने और श्रवण संबंधित जानकारी देखरेख हेतु समझाईस दी गई। डिप्टी मीडिया ऑफिसर श्रीमती रामलली माहौर ने श्रवण दिवस पर ओपीडी, आईपीडी वार्डो में मरीजों के सभी वर्ग के परिजनों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही को उपचार लेने हेतु समझाया। इस जानकारी के लिये समस्त ग्रामीण, शहरी स्वास्थ्य संस्था, आरोग्य मंदिर, सीएचओ, एएनएम, आशा से सम्पर्क कर सकते हैं।

# पार्थ योजना के अंतर्गत युवाओं को शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी के लिये रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार युवाओं को खेल और रोजगार से जोड़ने की दिशा में पार्थ योजना आरंभ की गई है। पार्थ (पुलिस, आर्मी, रिफरूटमेंट ट्रेनिंग और हुनर) योजना 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के 10 संभागीय मुख्यालयों पर प्रारंभ की जाना है, जिसमें चम्बल संभाग को सम्मिलित किया गया है। संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार कुशवाह ने बताया है कि योजना खिलाड़ी प्रशिक्षक कल्याण समिति के माध्यम से संचालित की जाना है। योजना के अन्तर्गत पुलिस, आर्मी और अर्द्ध सैनिक बल में भर्ती हेतु शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी करवाई जाना है। यह योजना स्ववित्तपोषित है। इन परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवक एवं युवतियों से अनुरोध है कि वे शासन की महत्वकांक्षी योजना पार्थ (पुलिस, आर्मी, रिफरूटमेंट ट्रेनिंग और हुनर) योजना 2025 के अंतर्गत शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी न्यूनतम शुल्क पर करना चाहते है तो संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना पर संविदा जिला एथलेटिक्स प्रशिक्षक मोबाईल नंबर 7974480880 श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और संविदा ग्रामीण युवा समन्वयक ब्लॉक मुरैना के मोबाइल नंबर 9301065512 पर श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला से कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है। यह भी उल्लेखनीय है कि शारीरिक परीक्षा और लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु जिला प्रशासन के द्वारा खिलाड़ी प्रशिक्षण कल्याण समिति के माध्यम से न्यूनतम शुल्क निर्धारण किया जायेगा।

# पोरसा में रिजल्ट घोशित होने से पहले पुनः जचवाई जा रही है, कक्षा 9 व 11 वीं की कॉपियाँ

## शासन के आदेशो को ताक पर रखकर शिक्षा विभाग में हो रही है, मनमानी जिला शिक्षा अधिकारी नही जुटा पा रहे है, कार्यवाही करने की हिम्मत

**मुरैना,कांस।** जिले भर में इस समय बोर्ड परीक्षाऐं संचालित हो रही है, वही कक्षा 9 और 11 वीं की परीक्षाओ का मूल्यांकन कराकर उनका रिजल्ट बन रहाहै। लेकिन जिले के एक परीक्षा केन्द्र पर कक्षा 9 और 11 बी की परीक्षाओ का मूल्यांकन होने के बाद भी शासन एवं बिना वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश के परीक्षा परिणाम घोशित होने से पहले ही पुर्नमूल्यांन कराना चर्चा का विषय बना हुआ है। एक शिक्षक ने जब बिना वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश के मूल्यांकन करने से मना करने पर उसे नोटिस देकर परेशान करने का मामला भी प्रकाश में आया है, जिसकी षिकायत षिक्षक ने जिला षिक्षा अधिकारी सहित आला अधिकारियो को इसकी षिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के पोरसा ब्लाक अन्तर्गत आने वाले शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल में बोर्ड परीक्षाओ से पहले कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं की परीक्षाऐं सम्पन्न कराकर कॉपियो को मूल्यांकन के लिए शासकीय उत्कृश्ट विद्यालय पोरसा में भेजी गई थी। विद्यालय प्राचार्य ने विशवार परीक्षाओ का मूल्यांकन कराया गया। लेकिन इस मूल्यांकन से षासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री पोरसा के प्रभारी प्राचार्य संतुश्ट नही थे और उन्होने उत्कृश्ट विद्यालय की प्राचार्या से सांठगांठ कर शासन के नियमो को ताक पर रखकर कक्षा 9 व 11वीं की सामाजिक विज्ञान एवं राजनीति षास्त्र की कॉपियो को अपने विद्यालय मंगवाकर पुर्नमूल्यांकन करने के लिए विद्यालय के व्याख्याता संदीप सिंह तोमर एवं विजय सिंह तोमर को दी गई। जब व्याख्याता संदीप सिंह तोमर ने कहा कि पुर्नमूल्यांकन मैं वगैर वरिश्ठ अधिकारियो के आदेष के बिना नही करूॅगा। इस बात को लेकर प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता के बीच काफी तूतू मैं मैं हुई जो कि सोशल मीडिया भी वायरल हो रही है। सूत्रों का कहना है कि षासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. पोरसा के व्याख्याता अनिल कुजूर ने विभागीय अधिकारियों एवं प्रेस को भेजे गए आवेदन में कहा कि शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. पोरसा को कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है, जिसमें छात्रों का मूल्यांकन पूर्ण होकर संबंधित विद्यालयो द्वारा परीक्षाफल तैयार किए जा रहे है। लेकिन शा.क.हा.से. स्कूल पोरसा के प्रभारी प्राचार्य एवं शा.उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्या के द्वारा मिलकर षडयंत्रपूर्णक शासन के नियमो को ताक पर रखकर कक्षा 9 व 11 वीं का पुर्नमुल्यांकन कराया जा रहा है। इनके षणयंत्र का खुलासा एवं शिकायत करने पर व्याख्याता को तरह-तरह से टारगेट किया जा रहा है। जब इस बारे में समाचार पत्र ने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियो से बात की तो उनका कहना है कि-

पुनः मूल्यांकन नही होता है,पुनः गणना होती है, वो भी जब बच्चा चाहता है तब,पोरसा वाला मामला मेरे संज्ञान में नही है, इस बारे में बीईओ से जांच कराता हॅू।

**सुधीर सक्सैना, जिला शिक्षा अधिकारी मुरैना**

ये हमारा मैटर है, हम देख लेगें कोई गलती हुई होगी तो कॉपी भेजी होगी, तुम इसे इस्यु क्यों बना रहे हो। और उसके बाद फोन काट दिया।

**नीलम गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.पोरसा**

हमारे विद्यालय के कक्षा 9 वीं और 11 वीं की कॉपी उत्कृष्ट विद्यालय में चैक होने भेजी थी, उत्कृष्ट के प्राचार्य ने कॉपियो को चैक करा दिया था, उसके बाद हमारे प्राचार्य एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्या ने सांठगॉठ कर बिना वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश के कॉपियो को अपने विद्यालय में लेकर आए और मुझसे पुनः मूल्यांकन करने को कहॉ तो मैने वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश होने पर ही मूल्यांकन करने को कहा इसी बात को लेकर प्राचार्य ने मुझे नोटिस दिया है। इस पूरे घटनाक्रम के बारे में मैंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करा दिया है।

**संदीप सिंह तोमर, व्याख्याता शा.उ.मा.वि. पोरसा**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अतिथि देवो भव: के भाव को किया चरितार्थ

## समिट की सुमधुर स्मृतियां, दीर्घकालिक संबंधों का बनेंगी आधार
## समिट के लंच-डिनर सेशन ने देश-विदेश के प्रतिनिधियों को किया आकर्षित

### परोसे गए व्यंजनों का स्वाद और सुगंध विश्व के कोने-कोने में पहुंची

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशन में हुई सत्कार व्यवस्था की देश-विदेश के अतिथियों ने की सराहना



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के पर्यटन व संस्कृति पर केंद्रित सत्र में कहा था कि मेले का मतलब है मेल-जोल बढ़ाना और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट, उद्योगपतियों-निवेशकों-उद्यमियों और सरकार व प्रदेशवासियों के बीच मेल-जोल बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। भोपाल में पहली बार आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश दुनिया के प्रमुख उद्योगपति, निवेशक, यंग इन्नोवेटर, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुसार निवेश के इस महाकुंभ में पधार रहे सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार, भारतीय संस्कृति के ÷अतिथि देवो भव÷ का भाव जीआईएस में साकार हुआ। उनका विचार था कि यह आयोजन परस्पर मेल-जोल, सद्भावना और सुखद अनुभूति के साथ हो और समिट की सुमधुर स्मृतियां, लंबे चलने वाले संबंधों का आधार बनें। अत: इस वैश्विक आयोजन में अतिथियों के आवागमन-आवास और भोजन की व्यवस्था के प्रति आरंभ से ही विशेष संवेदनशीलता रही। वैश्विक सम्मेलन में, विविधता से भरे हमारे देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ दुनिया के लगभग 60 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भोजन, सभी की मूल आवश्यकता है, परंतु अलग-अलग सामाजिक -सांस्कृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण भोजन के लिए लोगों की आदतें, रुचियां और आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं। विभिन्न क्षेत्रों से आए इन विशिष्ट जन के लिए भोजन की व्यवस्था एक चुनौती थी। विविधता भरे समागम में सभी के स्वाद और संतुष्टि के अनुरूप भोजन की व्यवस्था करना, एक प्रकार से अपनी दक्षता का प्रमाण देने जैसा था।

भोजन हमारी संपन्नता- सांस्कृतिक विविधता और समृद्ध विरासत को अभिव्यक्त करने का माध्यम है। यह माना जाता है कि भोजन में लोगों को जोड़ने की अद्भुत क्षमता है। अच्छे स्वाद-सुगंध-स्पर्श और आकर्षक प्रस्तुतिकरण से भोजन की यह क्षमता और बढ़ जाती है। देश के दिल में बसे मध्यप्रदेश का भोजन, नए बदलावों को समरसता के साथ आत्मसात करने का प्रतीक है। स्वरुचि भोज परस्पर सौहार्द्र पैदा करने की सामर्थ्य रखते हैं। ग्लोबल समिट के लंच डिनर सेशन, प्रदेश की संपन्नता और आत्मीय तथा सर्व समावेशी व्यवहार के प्रकटीकरण का माध्यम बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिए गए भोज देश-विदेश के उद्योग समूहों को मध्यप्रदेश के करीब लाने और उनमें राज्य के प्रति रुचि विकसित करने तथा परस्पर मेल-जोल बढ़ाने में सफल रहे। वैश्विक सम्मेलन में जापान से लेकर जर्मनी और अमेरिका, आस्ट्रेलिया, अफ्रीका सहित लगभग सभी महाद्विपों के देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके साथ ही देश के विभिन्न राज्यों से आए व्यापार-उद्योग जगत के प्रतिनिधि इस समागम को विविधता से परिपूर्ण बना रहे थे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लंच-डिनर सेशन में सबकी रुचि-संस्कृति-क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता सब के स्वाद और स्वभाव अनुसार भोजन परोसा गया। खान-पान में मध्यप्रदेश और देश के प्रमुख व्यंजनों के साथ-साथ यूरोपियन, थाई, चाइनीस डिशेज शामिल थीं। जैन फूड, वीगन, मिलेट (श्री अन्न) और ग्लूटेन फ्री आहार लेने वालों का विशेष ध्यान रखा गया। भोजन तैयार करने में प्रदेश के प्रमुख शेफ, विशेषज्ञों, कारीगरों और इस क्षेत्र की प्रतिनिधि संस्थाओं की मदद ली गई।

मध्यप्रदेश के व्यंजनों में हाउस ऑफ सैलाना के रॉयल क्यूज़ीन के अंतर्गत मोती के दाने, दाल बाफले, घुइयां की सब्जी, सिंघाड़े की चाट, मुरैना की गजक, झाबुआ का मालपुआ, उज्जैन की कुल्फी, हींग कचौड़ी, रिकमज की सब्जी, इंद्रहर, महुआ का मीठा, टेथरा की रबड़ी और भोपाली गोभी मुसल्लम खास रहे। देश के विभिन्न अंचलों के व्यंजनों में अमृतसरी छोले कुलचे, बिहारी लिट्टी चोखा, दक्षिण का डोसा-उत्तपम, मेरठ की रोटियां और पराठे, बंगाली चौम चौम और केसर अंगूरी रसमलाई परोसे गए। अन्तर्राष्ट्रीय व्यंजनों में पास्ता, टॉर्ट, रिसोटो, ग्नौची, क्लासिक ओपेरा, बास्किन-रॉबिंस की आइसक्रीम, इंडो चाइनीस वोक, नूडल्स, थाय करी और डिम्सिम अतिथियों के आकर्षण का केंद्र रहे। मिलेट फूड के अंतर्गत कुटकी की खीर, रागी बालूशाही, मिलेट खिचड़ी, बाजरे की टिक्की तो जैन फूड में बिना प्याज, लहसुन के व्यंजन और मिलेट थालीपीठ शामिल थे। अलग-अलग क्षेत्र से आए अतिथि, अपने क्षेत्र के मूल व्यंजनों के साथ-साथ अपनी रुचि और जिज्ञासा के अनुसार अन्य क्षेत्रों के व्यंजनों का आनंद लेते रहे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लंच-डिनर सेशन ने भोजन के सम्मोहन और विविधता से एकाकार होने के अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किए।

# कैलारस में श्रमिकों के बैठने के लिए नही कोई स्थान

## सुबह से एम एस रोड पुरानी सब्जी मंडी तिराहे हजारों की संख्या में होते हे खड़े, विधायक लिख चुके है पत्र नगर पालिका दे स्थान तो करा देंगे टीन शेड, नगर परिषद अध्यक्ष ने भी राजस्व विभाग से जगह मांगी







**राधाकृष्ण सिंघल/सोनू पाराशर**

**कैलारस।** 12 महीने हर मौषम में दहाड़ी मजदूरी करने बाले सेकड़ो श्रमिक अपनी रोजी रोटी की तलाश में कैलारस में पुरानी सब्जी मंडी तिराहे एम एस रोड पर हजारों की संख्या में जमा हो जाते हैं और घंटों खड़े रहकर रोजगार की तलाश करते हे जिससे सड़क पर जाम लगता हे और आस पास के दुकानदारों को भी असुविधा होती हे वहीं इन श्रमिकों को बैठने के लिए कैलारस में कही कोई स्थान टीन सेड तक नहीं हे जहां पर यह लोग आराम से बैठ सके और पानी आदि की व्यवस्था हो यह परेशानी का सामना यह लोग कर रहे हे कैलारस शहर में प्रतिदिन आसपास ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में मजदूर श्रमिक रोजी रोटी की तलाश में सुबह से ही पुरानी सब्जी मंडी तिराहे, नेशनल हाईवे 352 पर इकट्ठे हो जाते हैं रोजी रोटी की तलाश में प्रतिदिन दहाड़ी मजदूरों को कोई वेठने के लिए कोई भी निश्चित स्थान नहीं है सर्दी हो या गर्मी हो या हो वर्षात ये लोग सड़क पर ही खड़े रहते है वहा पर व्यापारीयो की दुकान भी उनके आगे भीड़ इकट्ठी हो जाती हैं तो उनको भी परेशानी होती हैं वही दुकानदारों ने बातया की सुबह से ही दुकानो के सामने रोजी रोटी की तलाश में दर्जनों बाईको को लेकर आने बाले मजदूर सुबह से लेकर 12 बजे खड़े रहते है जिससे हमें परेशानी का सामना करना पड़ता हैं वही आये झगड़े जैसी स्थिति बनी रहती हैं वही रोजी रोटी की तलाश में आ रहे सेकड़ो की संख्या में दहाड़ी मजदूर ने बताया की हम लोग कई बार जनप्रतिनिधियों प्रसाशनिक अधिकारियो से मांग कर चुके है कि हमारे वेठने के लिए कोई निश्चित स्थान बन जाये जहा पर हम लोग आराम कर सके वेठ सके गर्मी, सर्दी वर्षात में हम लोग खड़े रहते है उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष से मजदूरों को बैठने के लिए एक स्थान चिन्हित करने एवं टीन सेड बनाने की मांग की हे इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष अंजना ब्रजेश बंसल ने बताया कि हम भी चाहते हे इन श्रमिकों के लिए एक स्थान निश्चित हो ओर वह नगर परिषद तीन सेड बनाए ओर पानी आदि की व्यवस्था करे लेकिन जगह नहीं मिल रही हे हमने राजस्व विभाग को जगह उपलब्ध कराने लिए पत्र लिखा हे जैसे ही जगह मिलेगी हम श्रमिकों को उचित स्थान बनाकर देंगे जिसमें पानी छाया शौचालय आदि की व्यवस्था करेंगे

जोरा विधायक पंकज उपाध्याय ने बताया कि मैं पूर्व में नगर परिषद कैलारस को पत्र लिख चुका हूं कि अगर मैं नगर परिषद कैलारस मुझे जगह चिन्हित कर दे दे तो मजदूरों के लिए अपनी विधायक निधि से इनके लिए टीन सेड निर्माण करवा दूंगा जिससे कि गर्मी सर्दी एवं बरसात में रोजी-रोटी की तलाश में आने वाले मजदूरों को कोई भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा यह लोग एक जगह बैठकर अपने लिए रोजगार तलाश सकते हैं।

एम एस रोड पर रोज मजदूर सुबह एकत्रित होते हे, उनके लिए एक स्थान निश्चित होना चाहिए इसके लिए हमने राजस्व विभाग को जगह देने के लिए पत्र लिखा हे जैसे ही जगह राजस्व विभाग चिन्हित कर देता हे हम श्रमिकों के लिए बैठने आराम करने के लिए नगर परिषद की ओर से व्यवस्था करेंगे।

**अंजना ब्रजेश बंसल, अध्यक्ष नगर परिषद कैलारस**

नगर परिषद को मैने पत्र लिखा हे वह मुझे जगह उपलब्ध करा दे में अपनी विधायक निधि से श्रमिकों को टीन शेड निर्माण कराकर दूंगा।

**पंकज उपाध्याय, विधायक जौरा**

# डीएम ने जिले में आलू भण्डारण शुल्क निर्धारित करने के लिए की बैठक, किसान हित में आलू भण्डारण शुल्क में वृद्धि न किए जाने का लिया निर्णय

### विगत वर्ष की भांति सादा आलू 250 रूपये एवं शुगर फ्री आलू 285 रूपये में किया जाएगा भण्डारित, डीएचओ को जिले में निर्धारित दर पर ही आलू भण्डारित सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश



**अलीगढ़,कासं.।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को आलू भण्डारण की दर निर्धारण के संबंध में बैठक आहुत की गई। बैठक में आलू उत्पादकों, शीत गृह स्वामियों एवं किसानों व कोल्ड स्टोर्स के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डीएम ने जिले के आलू उत्पादक किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए किसानों व शीत गृह स्वामियों के विचारों को बारी-बारी से सुना। किसान पदाधिकारियों चौधरी हरपाल सिंह, राजपाल शर्मा, प्रमोद कुमार वर्मा, राधाकृष्ण, मनवीर तौमर, चौधरी नवाब सिंह, वीरेन्द्र कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, संतोष कुमार चौधरी, अरविन्द चौधरी ने आलू उत्पादकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं, लागत में वृद्धि, कम उत्पादन, असमय बरसात एवं ओलावृष्टि का हवाला देते हुए किसान हित में आलू भण्डारण दर न बढ़ाए जाने की मांग की। अध्यक्ष अलीगढ़ कोल्ड स्टोरेज ऑनर्स एसोशिएशन गिर्राज गोदानी ने कहा कि विगत दो वर्षों से आलू भण्डारण शुल्क में वृद्धि नहीं की गई है, जिसके सापेक्ष लेबर चार्ज, अमोनिया गैस, लाइसेंस फीस, शुगर फ्री फॉगिंग रसायन एवं मेंटीनेंस इत्यादि में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में इस वर्ष आलू भण्डारण शुल्क में बढ़ोतरी आवश्यक है।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उभयपक्षों को सुन किसान हित में निर्णय लेते हुए आलू भण्डारण शुल्क में बढ़ोतरी न किए जाने का फैसला सुनाया। फैसला सुनते ही आलू उत्पादक किसानों ने राहत की सांस ली और करतल ध्वनि से जिलाधिकारी के फैसले का स्वागत किया। जिलाधिकारी ने अपने फैसले में कहा कि जिले में इस वर्ष आलू भण्डारण दर को बढ़ाया जाएगा, पिछले वर्ष वाला शुल्क ही प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में सादा आलू का भण्डारण शुल्क 250 रूपये एवं शुगर फ्री आलू का भण्डारण शुल्क 285 रूपये था। जिलाधिकारी ने केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आलू उत्पादक किसानों को बड़ी राहत प्रदान करते हुए इस वर्ष भी सादा आलू का भण्डारण शुल्क 250 रूपये एवं शुगर फ्री आलू का भण्डारण शुल्क 285 रूपये निर्धारित किया।

उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि वह सुनिश्चित करें कि निर्धारित दर से अधिक आलू भण्डारण शुल्क न वसूला जाए। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीए प्रशासन पंकज कुमार, उप निदेशक उद्यान दलजीत सिंह, डीएचओ शिवानी तौमर, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# भितरवार क्षेत्र के विकास कार्यों को तेजी से करें : कलेक्टर श्रीमती चौहान

## सड़क निर्माण के लिये सीमांकन का कार्य जिला स्तरीय दल से कराया जाए
## कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक



**ग्वालियर,नसं.।** भितरवार क्षेत्र के विकास कार्यों में तेजी से कार्य किया जाए। जो भी परेशानियां हैं, उन्हें तत्परता से निराकृत कर कार्यों को तेजी से अंजाम दिया जाए। भितरवार की मंडी वाली सड़क और स्टेडियम निर्माण के लिये जो भी कार्रवाई की जाना है, वह तत्परता से की जाए। सड़क निर्माण के लिये जिला स्तर से टीम बुलाकर सीमांकन का कार्य कराया जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बुधवार को भितरवार के नगर परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह बात कही। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने भितरवार भ्रमण के दौरान जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से नगर विकास एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में भितरवार क्षेत्र के विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, जनपद पंचायत भितरवार के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण, नगर परिषद भितरवार के अध्यक्ष श्री बलदेव अग्रवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री मन्नू यादव, एसडीएम भितरवार श्री डी एन सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि भितरवार मंडी सड़क निर्माण का जो शेष भाग बचा है, उसके लिये सीमांकन का कार्य जिला स्तरीय दल से कराया जाए। इसके साथ ही भितरवार में निर्मित होने वाले स्टेडियम के लिये भूमि आवंटन एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी शीघ्र-अतिशीघ्र की जाए। कलेक्टर ने भितरवार में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के दिशा-निर्देश भी दिए। भितरवार में स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा है कि भितरवार में पदस्थ कोई भी चिकित्सक अथवा स्टाफ अगर जिला मुख्यालय पर अटैच हो तो उसे तत्काल भार मुक्त कर भितरवार ज्वॉइन करने की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मीटिंग के दौरान यह भी निर्देशित किया है कि पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अवैध खनिज परिवहन, अवैध शराब विक्रय और मादक पदार्थों का विक्रय किसी भी हाल में न हो। ऐसा करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने यह भी निर्देशित किया है कि छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय के उपरांत प्रतिबंधित किया गया है। निर्धारित समय के पश्चात कहीं पर भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होता है तो संबंधित के विरूद्ध पुलिस कार्रवाई की जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न क्रय करने के लिये किसानों के पंजीयन का कार्य तेजी के साथ किया जाए। विधायक भितरवार श्री मोहन सिंह राठौर ने बैठक में भितरवार क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि नामांकन एवं इन्द्राज दुरुस्ती का काम भी भितरवार क्षेत्र में तेजी के साथ किया जाए। इसके साथ ही विकास कार्यों के लिये राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग सहयोग करे और जो भी कार्य किया जाना है, उसे तत्परता से पूर्ण करें, ताकि विकास कार्य तेजी से हो सकें। बैठक में नगर परिषद के अध्यक्ष श्री बलदेव अग्रवाल ने भी नगर परिषद के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

**कलेक्टर ने देखा नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने भितरवार भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नवनिर्मित भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि भवन का शेष कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही फर्नीचर आदि लगाने का कार्य भी पूर्ण हो ताकि कार्यालय प्रारंभ किया जा सके। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया है कि नवीन भवन में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करने की कार्रवाई भी तत्परता से करें।

## भूपेश बघेल के बयान पर गुरु खुशंवंत सिंह ने दी तीखी प्रतिक्रिया, बोले :

# हम अपने भगवान बाबा घासीदास का अपमान नहीं सह सकते

**रायपुर, कासं.।** भूपेश बघेल के बयान की निंदा करते हुए ,सतनामी समाज के गुरु एवं भाजपा विधायक गुरु खुशवंत सिंह ने कहा है कि गुरु घासीदास हमारे भगवान हैं हमारे जीवन का आधार है हमारे दिन की शुरुआत उनकी जय करके ही होती है दिन खत्म भी उनकी जय से होता है हम उन्हीं के बताए रास्ते पर चलते हैं उनकी महानता के वर्णन का उपहास उड़ाया जाना बर्दाश्त किए जाने लायक नहीं है।

गुरु खुशवंत ने कहा की भूपेश बघेल किस अहंकार में चूर हैं? वह बार-बार सतनामी समाज की भावनाओं को आहत क्यों करते हैं? इससे पहले भी उन्होंने सतनामी समाज के युवाओं को भौंकने वाला कहा था और अब जब छत्तीसगढ़ की विधानसभा में भगवान बाबा गुरु घासीदास जी की महानता का जिक्र हो रहा है तो भूपेश बघेल जी उसका उपहास उड़ा रहे हैं यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति नहीं है। बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश है मनखे मनखे एक समान । यह संदेश ,हर मनुष्य को दूसरे मनुष्य के प्रति समानता का भाव रखने की प्रेरणा देता है और ऐसे महान संदेशों का जिक्र अगर विधानसभा में हो रहा है तो इसकी प्रशंसा होनी चाहिए।

भूपेश बघेल ने इसे कवि सम्मेलन कहकर सतनामी समाज के लोगों की भावना को आहत कर दिया है समाज में इससे आक्रोश की लहर है।

# रैम्प योजना के तहत 40 महिला उद्यमियों का 6 मार्च से दो दिवसीय हैदराबाद दौरा

**भोपाल,ब्यूरो।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार की 'रैम्प योजना' के तहत मध्यप्रदेश की 40 मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी महिला उद्यमियों को हैदराबाद में 6 से 8 मार्च तक एक्सपोज़र विजिट पर भेजने की महत्वपूर्ण पहल की गयी है। मध्यप्रदेश के एमएसएमई विभाग का लघु उद्योग निगम इस महत्वपूर्ण दौरे में नोडल एजेंसी के रूप में साथ रहेगा। इस दौरे में महिला उद्यमी 'फिक्की फ्लो इंडस्ट्रियल पार्क और 'वी-हब' जैसे महिला औद्योगिक पार्कों का दौरा करेंगी और उन्नत कार्यप्रणाली, नवीनतम तकनीकों और उन्नत कार्य के नवीनतम तौर-तरीकों को करीब से देख और समझ सकेंगी। माना जा रहा है कि महिला उद्यमी को अपने उद्यम के उन्ननयन मे सहायता मिलेगी। इस दौरान प्रदेश की महिला उद्यमी देश की प्रतिष्ठित महिला उद्योगपतियों से भी मिलेंगी और अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए उनसे संवाद कर सकेंगी। इन महिला उद्यमियों का चयन प्रदेश के जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रों के द्वारा किया गया है। यह 40 सदस्यीय दल 6 मार्च को भोपाल एवं इंदौर से विमान द्वारा हैदराबाद रवाना होगा। इस यात्रा का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सफल महिला उद्यमियों से मिलने, उनके अनुभवों से सीखने और अपने व्यापार में नए विचार और तकनीक अपनाने के अवसर प्रदान करना है। पहले दिन हैदराबाद में सफल महिला उद्यमियों द्वारा अपने संघर्ष, उद्यमिता विकास और व्यवसाय में अपनाए गए नए तरीकों की जानकारी दी जाएगी। अगले दिन 7 मार्च को महिला उद्यमी 'फिक्की फ्लो इंडस्ट्रियल पार्क' और 'वी-हब' का दौरा करेंगी, जहां वे देश की चार प्रमुख महिला उद्यमियों के उद्योगों का अवलोकन करेंगी। महिला उद्यमियों को यहां नवीनतम तकनीकों, योजनाओं के क्रियान्वयन और औद्योगिक पार्क की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलेगा। यह जानने का अवसर भी मिलेगा कि किस प्रकार नए प्रयोग, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन एक सफल व्यवसाय की दिशा में सहायक होता है।

# 16वें वित्त आयोग के साथ ग्रामीण एवं नगरीय निकायों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक




**भोपाल,ब्यूरो।** 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के सा?थ बुधवार 5 मार्च को ग्रामीण, स्थानीय निकाय, नगरीय स्थानीय निकाय और राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रतिनिधियों के बैठक हुई। बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया और सदस्यों ने सभी से चर्चा की। ग्रामीण स्थानीय निकायों, नगरीय निकायों के जन-प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार और सुझाव भी रखे। बैठक में प्रदेश की नगरीय निकायों के प्रतिनिधि के रूप में चार नगर निगम के महापौर, इंदौर के महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, सतना के महापौर श्री योगेश ताम्रकार, खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता यादव तथा भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय एवं 11 अन्य नगर पालिका तथा नगर परिषद के अध्यक्ष बैठक में उपस्थित हुए। प्रदेश के नगरीय निकायों को दिए जा रहे अनुदान में चुकी मध्यप्रदेश में देश की सबसे अधिक जनजातीय जनसंख्या निवास करती है इसलिए उसे संज्ञान में रखकर अनुदान जारी करना और शहरीकरण में जनता को सेवा प्रदाय में तकनीकी उपयोग किए जाने को प्रेरित करने हेतु पृथक से अनुदान जारी किए जाने का अनुरोध किया गया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
प्रदेश संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, सह संपादक: अभिषेक कृष्ण पाराशर मो.88992 68088, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।